संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, शनिवार, 10 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रदेश के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कर्नल एसएफएच रिजवी ने राम मन्दिर, अयोध्या की चन्दन की खुशबू से सुगंधित एवं गोल्ड फॉयल प्रिंटेड डाक टिकट भेंट की।


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 40 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com

हिमाचल संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड


RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को जमकर लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के एक सरकारी स्कूल में एक टीचर द्वारा एक मुस्लिम बच्चे को अन्य दूसरे बच्चों द्वारा थप्पड़ मारने को कहा गया था। जिसके बाद बच्चों ने एक-एक कर उस बच्चे को लगातार कई थप्पड़ मारे थे। इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुई थी और सोशल मीडिया यूजर्स ने टीचर की काफी आलोचना की थी। वहीं, अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार को भी फटकार लगाई है। रउ ने यूपी सरकार को उन छात्रों की काउंसलिंग नहीं करने के लिए डांट लगाई, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक ने होमवर्क नहीं करने पर एक मुस्लिम लड़के को थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। यह देखते हुए कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उसके निर्देशों का पूर्ण उल्लंघन किया गया है, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने राज्य को उन बच्चों की काउंसलिंग करने और दो सप्ताह में अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। हमने नई ळकरर रिपोर्ट का अध्ययन किया है, जिसमें उन सभी छात्रों की काउंसलिंग की बात कही गई है, जिन्होंने प्रतिभागियों और गवाहों के रूप में शारीरिक दंड में भाग लिया था। राज्य द्वारा कुछ भी नहीं किया गया है, अब बहुत देर हो चुकी है। पीठ ने मामले को 1 मार्च को सुनवाई के लिए पोस्ट करते हुए कहा, हम राज्य को निर्देश देते हैं कि वह विशेष रूप से गवाही देने वाले बच्चों के लिए निदेशों को तुरंत लागू करें। अनुपालन हलफनामा दो सप्ताह में दायर किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की अतिरिक्त महाधिवक्ता गरिमा प्रसाद ने कहा कि दो संगठनों ने छात्रों की काउंसलिंग के लिए स्वेच्छा से काम किया है और अधिक विस्तृत हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा है। अदालत ने पहले राज्य सरकार को उस मुस्लिम लड़के और उसके सहपाठियों की काउंसलिंग के लिए एक एजेंसी नियुक्त करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी, जिन्हें कथित तौर पर उनके स्कूल शिक्षक ने होमवर्क न करने पर उसे थप्पड़ मारने का निर्देश दिया था। मुजफ्फरनगर जिले के स्कूल की महिला टीचर पर भी पीड़ित लड़के पर सांप्रदायिक टिप्पणियां करने का आरोप लगा है। शीर्ष अदालत ने लड़के और उसके सहपाठियों को परामर्श देने के तरीकों का सुझाव देने के लिए टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीआईएसएस), मुंबई को नियुक्त किया था।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"

भागवद

### मन की बात



"बाहरी स्वभाव केवल अंदरूनी स्वभाव का बड़ा रूप हैं।"

स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




## 'जय किसान, जय विज्ञान', भारत रत्न सम्मान

### नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और स्वामीनाथन को भारत रत्न, चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया

**रत्नों को सम्मान**

8 2014 में सत्ता संभालने के बाद से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**केंद्र सरकार ने** पीवी नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह और एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न (मरणोपरांत) देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों शख्सियतों को देश का सबसे बड़ा नागरिक सम्मान देने की जानकारी सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरों के साथ शेयर की। चौधरी चरण सिंह देश के पांचवें और नरसिम्हा राव नौवें प्रधानमंत्री थे। वहीं कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। पीएम की घोषणा पर चौधरी चरण सिंह के पोते और राष्ट्रीय लोकदल के प्रमुख जयंत चौधरी ने लिखा- दिल जीत लिया। 2014 में सत्ता संभालने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया यह दसवां भारत रत्न है। इससे पहले 3 फरवरी को भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी और 23 जनवरी को बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत) को भारत रत्न देने का ऐलान किया गया। इस तरह इस साल 5 हस्तियों को यह सम्मान देने का ऐलान हो चुका है। इनके अलावा मोदी के कार्यकाल में मदन मोहन मालवीय, अटल बिहारी वाजपेयी, प्रणब मुखर्जी, भूपेन हजारिका और नानाजी देशमुख को यह सम्मान मिल चुका है। आज की तीन हस्तियों को मिलाकर इस सम्मान को हासिल करने वालों में अब तक कुल 53 लोग शामिल हो चुके हैं।

**चौधरी चरण सिंहः** प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा- हमारी सरकार का यह सौभाग्य है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान देश के लिए उनके अतुलनीय योगदान को समर्पित है। उन्होंने किसानों के अधिकार और उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हों या देश के गृहमंत्री और यहां तक कि एक विधायक के रूप में भी, उन्होंने हमेशा राष्ट्र निर्माण को गति प्रदान की। वे आपातकाल के विरोध में भी डटकर खड़े रहे।

### नरसिम्हा ने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोला था

पीवी नरसिम्हा राव : पीएम मोदी ने लिखा– प्रधानमंत्री के रूप में नरसिम्हा राव गारू का कार्यकाल महत्वपूर्ण उपायों द्वारा चिह्नित किया गया था, जिसने भारत को वैश्विक बाजारों के लिए खोल दिया, जिससे आर्थिक विकास के एक नए युग को बढ़ावा मिला।

**डॉ. एमएस स्वामीनाथन:** पीएम मोदी ने लिखा– यह बेहद खुशी की बात है कि भारत सरकार कृषि और किसानों के कल्याण में हमारे देश में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी को भारत रत्न से सम्मानित कर रही है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण समय के दौरान भारत को कृषि में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्वामीनाथन को 'भारत रत्न' सम्मान, बेटी बेहद खुश

**टीम एक्शन इंडिया/कन्नूर**

**मशहूर** कृषि वैज्ञानिक एवं देश में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले का डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने स्वागत किया। बता दें कि डॉ. सौम्या, एमएस स्वामीनाथन की बेटी हैं और उन्होंने कहा कि पिता इससे खुश होते, लेकिन उन्होंने कभी पुरस्कारों के लिए काम नहीं किया। डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और पूर्व उप महानिदेशक डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा कि उन्हें गर्व और खुशी है कि उनके पिता के काम को देश में सर्वोच्च नागरिक सम्मान से मान्यता मिली है।

## यूपीए ने अर्थव्यवस्था का सत्यानाश कियाः सीतारमण



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को यूपीए और एनडीए के 10 साल का कामकाज पर श्वेत पत्र पर स्पीच दी। वित्त मंत्री ने कहा कि 10 साल के कामकाज पर ये श्वेत पत्र बड़ी ही जिम्मेदारी के साथ रखा गया है। सीतारमण ने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटाला, कोल स्कैम, एनपीए, कोल ब्लॉक एलोकेशन जैसे मुद्दों के जरिए यूपीए सरकार पर निशाना साधा। सीतारमण ने कहा कि यूपीए की नीति कभी भी नेशन फर्स्ट की नहीं रही। इन्होंने फैमिली फर्स्ट नीति रखकर अर्थव्यवस्था को बदहाल कर डाला। सीतारमण ने कहा कि इन्होंने जो सत्यानाश किया, उसे हमने सुधारा और आज ये मगरमच्छ के आंसू रो रहे हैं। स्पीच के अंत में सीतारमण ने कहा कि हमारी जिम्मेदार सरकार ने अर्थव्यवस्था को बहुत खराब स्थिति से उबारा है। आज यहां पहुंचे हैं तो 10 साल की मेहनत है। 2047 में विकसित भारत बनाने वाले हम ही होंगे। इससे पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पेज का श्वेत पत्र पेश किया था। इसमें बताया गया है कि जब 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी।

## सीएम मनोहर ने 33 परियोजनाओं को दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हरियाणा** सरकार ने ग्रामीण संवर्धन और महाग्राम योजना के तहत 5 जिलों नामतः जींद, हिसार, सिरसा, कैथल और भिवानी में 190 करोड़ रुपये करोड़ रुपये से अधिक लागत की 33 नई परियोजनाएं लागू करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा क्रियान्वित की जाने वाली इन परियोजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महाग्राम योजना के तहत जिला जींद के गांव नगुरां में जल आपूर्ति प्रणाली का संवर्धन और जल कार्यों के निर्माण के लिए 43.91 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से व 25.31 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सीवरेज व्यवस्था उपलब्ध करवाना और



जिला हिसार के खेदड़ में जल आपूर्ति योजना के उन्नयन के लिए 10.63 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के नए कार्य शामिल हैं।

**सिरसा जिले में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत स्वीकृत परियोजनाएंः** प्रवक्ता ने बताया कि सिरसा जिले में ग्रामीण संवर्धन कार्यक्रम के तहत जिन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई उनमें जिला सिरसा के गांव हसनगढ़, उकलाना के लिए 3.07 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से सुधार जल आपूर्ति योजना, गांव भादडा, कालांवाली में 3.15 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जल आपूर्ति योजना का विस्तार/अद्यतन, गांव गोरीवाला, डबवाली में 5.17 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से जलापूर्ति योजना का नवीनीकरण और बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, गांव रामपुरा बिश्नोईया में 3.33 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एमजीजीबीवाई कॉलोनी का नवीनीकरण जलापूर्ति योजना, बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण और जलापूर्ति सुविधा प्रदान करना तथा गांव सुखेरनवाला खेड़ा के एमजीजीबीवाई कॉलोनी में 3.45 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से कार्य संरचनाओं की मरम्मत, वितरण को मजबूत करना और जल आपूर्ति सुविधाएं प्रदान करना शामिल है।

## विपक्षी नेता फोन जमा कर जांच में करें मददः अश्विनी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को विपक्ष से 'आईफोन जासूसी अलर्ट' मामले में जांच को लेकर सहयोग करने की मांग की है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान बोलते हुए उन्होंने कहा कि सिर्फ आरोप लगाने भर से ही काम नहीं चलेगा। विपक्ष को कथित 'आईफोन जासूसी अलर्ट' मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों की मदद करनी होगी। केंद्रीय मंत्री शिवसेना यूबीटी की नेता प्रियंका चतुर्वेदी के सवालों का सदन में जवाब दे रहे थे।

## पीएम ने सांसदों से कहा- साथ चलिए, सजा नहीं दूंगा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शुक्रवार को संसद की कैंटीन में कई राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ लंच किया। कुछ रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया कि इन सांसदों को दोपहर ढाई बजे इस अनौपचारिक लंच की सूचना मिली। प्रधानमंत्री जब कैंटीन में पहुंचे तो सांसदों से कहा मेरे साथ चलिए, आपको सजा नहीं दूंगा। प्रधानमंत्री के साथ लंच में भाजपा सांसद हिना गावित, एस फेंगनोन कोन्याक, जामयांग नाम्ग्याल, एल मुरुगन, टीडीपी सांसद राम मोहन नायडू, बसपा सांसद रितेश पांडे और सांसद सस्मित पात्रा मौजूद थे। प्रधानमंत्री और सांसदों की यह लंच मीटिंग करीब 45 मिनट चली।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर चार तस्वीरें शेयर कीं और लिखा- आज दोपहर में शानदार भोजन का आनंद लिया। विभिन्न दलों और देश के विभिन्न हिस्सों से आए सांसदों के सहयोग से यह और भी बेहतर बन गया। रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि पीएम और सांसदों का लंच करीब 45 मिनट तक चला। इ

### लंच में चावल-दाल, खिचड़ी और रागी के लड्डू

**पीएम** और सांसदों ने चावल, दाल, खिचड़ी, रागी और तिल के लड्डू खाए। लंच के बाद प्रधानमंत्री ने पीएमओ को लंच का बिल पे करने को कहा। लंच में मौजूद एक सांसद ने बताया कि ये बिल्कुल अनौपचारिक लंच था। ऐसा लगा ही नहीं कि हम लोग प्रधानमंत्री के साथ बात कर रहे हैं। ये बहुत अच्छा अनुभव था। प्रधानमंत्री ने सांसदों के साथ अपने विदेश दौरों, नवाज शरीफ के साथ मुलाकात, स्टेच्यू ऑफ यूनिटी, अबु धाबी के मंदिर के बारे में बात की।

## विभागों में भर्तियों को दी मंजूरी, विभिन्न मुद्दों पर 3 सब कमेटियों का किया गठन



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**कैबिनेट बैठक**

8 विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर तीन अलग .अलग सब कमेटियों का भी गठन कियाा

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में प्रदेश कैबिनेट की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने की। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मंत्रिमंडल कि बैठक में विभिन्न पदों पर भर्ती को मंजूरी दी। इसके अलावा विभिन्न महत्त्वपूर्ण मुद्दों को लेकर तीन अलग.अलग सब कमेटियों का भी गठन किया। कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में आगामी विधानसभा सत्र को देखते हुए राज्यपाल के अभिभाषण पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान सप्लीमेंट्री बजट लाने पर भी चर्चा हुई। कैबिनेट ने तय किया है कि दो ऑफि स पालमपुर और बद्दी-नालागढ़ (पाटा) में खोले जायेंगे। बैठक में प्रदेश में लंबित पड़े भर्तियों के मामलों पर सब कमेटी का गठन करने को स्वीकृति दी। इस सब कमेटी की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री करेंगे। वहीं सब कमेटी में हर्षवर्धन चौहान, जगत सिंह नेगी, विक्रमादित्य सिंह, यादवेंद्र गोमा शमिल होंगे। इसके अलावा प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों के पास राजस्व विभाग की बेकार पड़ी आवंटित जमीनों के उचित इस्तेमाल को लेकर भी एक सब कमेटी का गठन किया गया। इस सब कमेटी की अध्यक्षता राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी करेंगे वहीं सदस्य के रूप में मंत्री अनिरुद्ध सिंह, विक्रमादित्य सिंह और राजेश धमार्णी शमिल होंगे।




Punjab Land of Unlimited Opportunities

# भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

द्वारा

# घर-घर मुफ़्त राशन

की शुरुआत



✓ पहले चरण में
**24.49 लाख लाभार्थी**

✓ हर महीने
**ताज़ा राशन**

मुख्य अतिथि

## श्री अरविंद केजरीवाल
मुख्यमंत्री, दिल्ली

10 फरवरी, 2024 | सुबह 11:00 बजे
अनाज मंडी, गाँव राहौण, समराला रोड,
खन्ना (लुधियाना)



## सुचज्जा शासन, मुफ़्त राशन

भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब

# भगवान से मिलने की प्ररेणा देने वाले से बड़ा कोई मित्र नहीं: कृष्णचंद्र

## राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने दिया श्रद्धालुओं का आशीर्वाद, कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री ने अपने प्रवचनों से सबको निहाल किया

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**भगवान** से मिलने की जो प्रेरणा देता है, उससे बड़ा कोई मित्र हो ही नहीं सकती। यह बात श्री राधाकृष्ण मंदिर कोटला कलां में वार्षिक महासम्मेलन में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री ने कही। कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री ने अपने प्रवचनों से सबको निहाल किया। इससे पहले राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने श्रद्धालुओं को अपना आशीर्वाद देने के साथ-साथ प्रवचन भी सुनाएं। सम्मलेन के दौरान ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा ने भी बाबा बाल आश्रम पहुंचकर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाराज ने रायजादा को सिरोपा देकर सम्मानित किया। कथा को आगे बढ़ाते हुए कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री ने कहा कि किसी भी प्राणी के अमंगल की कामना की मत करो। भगवान से मिलन की लालसा, जिसमें जग जाए, उसी की माँ मां कहलाने की अधिकारी है। उन्होंने कहा कि जब बेटा संतो को दास बन जाए, तो मां को प्रसन्नता होती है। उन्होंने कहा कि बेटा एक ही हो, लेकिन राष्ट प्रेमी होना चाहिए, संत प्रेमी होना चाहिए और समाज का कल्याण करने वाला है। ऐसा बेटा पूरे खानदान को तार देता हैं। कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री ने ऋषि का भाव बताते हुए कहा कि जिसने भली प्रकार से इंद्रियों का दमन किया हो, वहीं ऋषि है। ऋषि शब्द की व्याख्या करते हुए बताया कि जो भूत, भविष्य व वर्तमान को जानता हो या उसका ज्ञान रखता हो, उसे ऋषि कहते हैं और मननशील व्यक्ति को मुनि कहते हैं। अतः हर कोई मुनि नहीं हो सकता है। ठाकुर जी महाराज ने कहा कि कपिल देव देवहूति संवाद के मध्य से ज्ञान, योग, भक्ति योग व दर्शन की पद्धति का भी वर्णन किया। इसके उपरांत बंधन और मुक्ति पर प्रकाश डालते हुए कथा वाचक ने बताया कि वंदना और मुक्ति मन के द्वारा पांच भौतिक शरीर की होती है। मन में संसार को भूलकर भगवान को बसाना ही मुक्ति है। शरीर तो मरण धर्म है, इसकी 3 गति होती है। ठाकुर जी ने सती महारानी के चरित्र पर भी प्रकाश डाला। इसके उपरांत परम भक्त ध्रुव जी का पावन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो अपनी बात पर अडिग है, अटल है, वही ध्रुव है।





**हरि की कथा उत्तम कथा: बाबा बाल**

राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि भगवान की भागवत कथा अमृत है। हम कथावाचक कृष्णचंद्र शास्त्री द्वारा इस भागवत का अमृतपान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब में लिखा है कि सबसे उत्तम हरि की कथा। हमारे उत्तम भाग है कि हमें भागवत सुनने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि जो भागवत को ध्यान से नहीं सुनता, वो अपराध करता है। महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि मनुष्य जीवन में आए है, तो श्रीमद भागवत कथा का रसपान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि कथा श्रवण का सौभाग्य भी भगवत कृपा से ही प्राप्त होता है। बाबा बाल जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा से ही इस भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सत्संग से बच्चों में अच्छे गुणों का विकास होता है और जीवन की सच्चाई का पता चलता है।

# आपदा में उत्कृष्ट कार्य करने पर अभियन्ता अनूप शर्मा सम्मानित



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**आपदा** में उत्कृष्ट कार्य करने पर लोक निर्माण विभाग मनाली के अधीक्षण अभियंता ई0 अनूप शर्मा को बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने यह सम्मान प्रदान किया। अनूप शर्मा ने बताया कि प्रदेश में जुलाई माह में हुई आपदा के समय मनाली मंडल प्रदेश का अत्याधिक आपदा प्रभावित इलाका था । उन्होंने कहा कि जहां पूरा राष्ट्रीय राजमार्ग क्षतिग्रस्त था वहीं संपर्क मार्ग भी पूरी तरह टूट गए थे। उन्होंने कहा कि सेव बाहुल्य क्षेत्र होने के चलते लोगों का सेब भी मार्किट में आने की तैयार था। वहीं जगह जगह फसें पर्यटकों के साथ साथ साथनीय लोगों को भी उनके गंतव्य तक जाने के लिए बंद पड़ी सडकों को यातायात के लिए बहाल करना मुख्य उद्देश्य था ऐसे में अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर संपर्क मार्गों को समय रहते बहाल किया और लोगों का सेब समय पर मंडियों तक पहुंचा । उन्होंने कहा कि हम सब मिल कर टीम वर्क के साथ किया यह पुरस्कार में अपनी टीम के सभी सदस्यों को समर्पित करता हूँ और मनाली मंडल को सर्वश्रेष्ठ बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे।

# सैंकड़ों बंदरों के उत्पात से जनता परेशान, सरकार हुई नाकाम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**

जिला मुख्यालय नाहन में उत्पात मचाने वाले सैंकड़ों बंदरों से जनता सालों से परेशान है। सरकार की कोई भी योजना बन्दरों के आतंक से निजात नही दिला सकी। हमलावर बने बन्दर भारी नुकसान कर रहे है। टेली फोन एइंटरनेट की केबल ध्वस्त कर देते हैं। अब तो बिजली के खंबों की इतना हिलाते की तारे टूट जाती है ऐसे में पूर्व में एक हादसा पक्का टैंक के नजदीक हो चुका है। लोगों द्वारा छतों पर लगाए गेटएग्रिल हिला हिला कर तोड़ रहे है। गमलों को तोड़ देते है। महंगे प्लांट्स उखाड़ कर फेंक रहे है पानी की टंकियों के ढक्कन उखाड़ फेंकते है। बंदरों का इतना आतंक है कि लोग अपने घरों को छतों पर जाने से कतराने लगे हैं। दुकानों के बाहर लगे फ्लेक्स बोर्ड ध्वस्त करने में पीछे नहीं है। आरोप है कि शहर के ज्यादातर हिस्से मे बंदर हमलावर बने है। इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि बहुत एनीमल लवॅरर्स ने स्टे डॉगस के साथ उत्पात मचाने वाले बंदरों को शहर में ब्रेड बिस्कुट खिलाना शुरू क र दिया है ऐसे जब खाने को नही मिलता तब लोगों पर हमला कर देते है। दुसरे शहर में लोगों द्वारा जिन क्षेत्रों में खुले में कचरा फैंका जा रहा उन क्षेत्रों में बंदरों की खासी तादाद हो चुकी है।



# तेल के खेल में लूट रही केंद्र सरकार: संदीप सांख्यान

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

अच्छे दिनों का वादा करने वाली भाजपा सरकार एक बार फि र सवालों के घेरे में है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने भाजपा की केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि देश मे कच्चे तेल के भाव पिछले दो वर्षों में 38 प्रतिशत तक गिर गए हैं लेकिन देश मे तेल के भाव जस के तस बने हुए हैं। उन्होंने प्रश्न किया है कि यदि देश की तेल कम्पनियों के भाव सरकार ने अंतराष्ट्रीय मूल्यों पर निर्धारित किए है तो देश मे पिछले दो वर्षों से तेल के भाव क्यों नहीं गिर पाए जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के भाव गिरे है। उन्होंने कहा कि यह आम आदमी की पुकार है। देश की तेल कम्पनियां देश के लोंगो को लूट रही है। यदि तथ्यों की बात की जाए तो पिछले करीब नौ महीनों में देश की तेल कम्पनियों ने करीब 69000 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया है। संदीप सांख्यान ने कहा देश में जब से भाजपा की सरकार केंद्र में बैठी है, तब से महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। अच्छे दिनों का प्रलोभन देकर केंद्र की सरकार तेल कम्पनियों पर नियंत्रण रखने में नाकाम रही है और आम आदमी को ठगा गया है। उन्होंने कहा कि देश मे तेल की कीमतों में वृद्धि हर दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर असर डालती है और उपभोक्ता वस्तुओं में मूल्य वृद्धि करती है और महंगाई बढ़ती है लेकिन इस मसले पर केंद्र की भाजपा सरकार चुप क्यों है।

# सुंदरनगर के ललित अवस्थी बने एसपीयू मंडी के उप कुलपति

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

लंबे अंतराल के बाद आखिरकार मंडी स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी को नया उप कुलपति मिल गया है। प्रदेश के राज्यपाल एवं कुलपति शिव प्रताप शुक्ल ने उत्तराखंड राज्य की एनआईटी श्रीनगर के निदेशक प्रोफेसर ललित कुमार अवस्थी को अपने तीन वर्षों के लिए मंडी की नई सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का उप कुलपति नियुक्त किया है। बता दें कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद यहां नियुक्त उप कुलपति डीडी शर्मा ने इस्तीफा दे दिया था और उसके बाद ये पद खाली चल रहा है। कार्यकारी उप कुलपति का कार्यभार यहां की प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा शर्मा के पास था। इस बीच सरकार ने इसका दायरा भी घटा दिया और केवल तीन जिलों के कालेज इसके अधीन रखे जिसे लेकर भाजपा ने आशंका व्यक्त की थी कि सरकार की मंशा इसे बंद करने की है। यहां तक कि यहां तैनात प्रति कुलपति को वापस प्रदेश विश्वविद्यालय बुला लिया था लेकिन वे कोर्ट चली गई और वहां से उनके वापस बुलाने पर रोक लगी। मामले में राज्यपाल ने हस्तक्षेप कर नए वीसी के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की और करीब एक साल बाद आखिरकार ये इंतजार भी खत्म हुआ। प्रो ललित कुमार अवस्थी इससे पहले एनआईटी हमीरपुर और जालंधर में भी तैनात रहे हैं जबकि कुछ समय सुंदरनगर इंजीनियरिंग कालेज का कार्यभार भी उनके पास रहा।



**जिम्मेवारी**

8 अपने तीन वर्षों के लिए मंडी की नई सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का उप कुलपति नियुक्त किया है

# विधायक ने मंदली में 53 लाख से निर्मित मैरिज पैलिस का किया भूमि पूजन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र की ग्राम पंचायत मंदली में 53 लाख से निर्मित मैरिज पैलिस का शुक्रवार को विधायक देवेंद्र भुट्टो ने विधिवत भूमि पूजन किया। भुट्टो ने एक वर्ष के भीतर मैरिज पैलिस बनाकर जनता को समर्पित करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो का भव्य स्वागत किया गया। विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में आठ मैरिज पैलिस का शिलान्यास एक वर्ष में हुआ है, जिसमें से 5 मैरिज पैलेस का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू हो चुका है। हमारा उद्देश्य है कि अगले चार माह में आधा दर्जन मैरिज पैलिस जनता की समर्पित करें, ताकि कुटलैहड़ की जनता को सुविधा मिल सके।

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की योजनाएं बन रही लक्षित वर्गों का सम्बल: मनमोहन

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

**उपायुक्त** मनमोहन शर्मा ने कहा कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाएं लक्षित वर्गों का सम्बल बन रही हैं। मनमोहन शर्मा गत दिवस यहां जिला स्तरीय सार्वजनिक वितरण समिति एवं जिला स्तरीय सतर्कता समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिला में 336 उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से अक्तूबर, 2023 से दिसम्बर, 2023 तक विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं को लगभग 6484 क्विंटल चीनी, लगभग 35,737 क्विंटल चावल, लगभग 55,645 क्विंटल आटा, लगभग 9437 क्विंटल उड़द, चना, मूंग एवं मलका दाल, 6,23,428 लीटर खाद्य तेल तथा लगभग 2026 क्विंटल आयोडाईज्ड नमक वितरित किया गया।उन्होंने कहा कि जिला में 336 उचित मूल्य की दुकानों में से 199 दुकानें सहकारी सभाओं, 129 व्यक्तिगत, 02 महिला मण्डलों तथा 06 ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित की जा रही हैं।मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन जिला में वर्तमान में 19 गैस एजेन्सियों के माध्यम 2,03,299 पंजीकृत घरेलू गैस उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला में उपभोक्ताओं तक घरेलू गैस वितरित करने की जानकारी पूर्व में पहुंचनी चाहिए ताकि सभी बिना किसी परेशानी के घरेलू गैस प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए कि रसोई गैस का वितरण निर्धारित रूट चाट के अनुसार हो। बैठक में जिला के विभिन्न स्थानों पर आवश्यकता एवं मांग के अनुसार उचित मूल्य की दुकानें खोलने के लिए चयनित स्थानों पर विचार-विमर्श भी किया गया। उपायुक्त ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।



# वेतन विसंगति को लेकर सीएम व मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

उच्च वेतनमान वंचित कर्मचारी महासंघ ऊना का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मिनी सचिवालय ऊना में उपायुक्त जतिन लाल से मिला। इस दौरान महासंघ ने प्रधान सुखविंद्र कुमार की अगुवाई में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और मुख्य सचिव को उपायुक्त के माध्यम से कर्मचारियों की वेतन विसंगति को दूर करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# कन्या कॉलेज में एनएसएस शिविर संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**राजकीय** कन्या महाविद्यालय कोटला खुर्द में चल रहे एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में कॉलेज प्राचार्य अरुणा भारद्वाज ने शिरकत की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मुख्य अतिथि व अन्य स्टाफ सदस्यों का मन मोह लिया। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर ममता पठानिया ने सात दिनों के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। एनएसएस स्वयंसेवकों ने समापन समारोह से पहले लालसिंगी की कोटला खुर्द संपर्क मार्ग में सफाई अभियान छेड़ कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, जिसके लिए राह चलते राहगीरों ने भी स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की।

# आय में सुधार, जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए कृषि वानिकी मॉडलों को दें बढ़ावा

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में कृषि वानिकी पर 21 दिवसीय शीतकालीन स्कूल का समापन हुआ, जिसका विषय ष्कृषि वानिकी-जलवायु को कम करने के लिए एक संभावित दृष्टिकोण था। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों कृषि विश्वविद्यालयों और संस्थानों के पंद्रह वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण का मूल उद्देश्य प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन शमन के लिए कृषि वानिकी क्षेत्र में नवीनतम मुद्दों और नवाचारों से परिचित करवाना था। जलवायु लचीली कृषि वानिकी प्रणालियों के विकास के लिए प्रौद्योगिकियों के सिद्धांत और व्यावहारिक-उन्मुख ज्ञान प्रदान करना और आर्थिक, पारिस्थितिकी और सामाजिक मापदंडों के लिए कृषि वानिकी प्रणालियों का मूल्यांकन करना भी इस प्रशिक्षण का हिस्सा रहा।

तीन सप्ताह के इस कार्यक्रम के दौरान भारत और विदेश के विभिन्न संस्थानों के प्रसिद्ध विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को विभिन्न विषयों पर संबोधित किया।

समापन सत्र के दौरान प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि वानिकी भूख, कुपोषण, गरीबी और हरित क्रांति से वंचित रहे क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से जूझ रहे लोगों की समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।



# प्रशिक्षु नर्सों के साथ हुए जातिय उत्पीड़न को लेकर समाजिक संगठन लामबंद

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

सोलन जिला के नालागढ़ में चल रहे नर्सिंग इंस्टीच्यूट में अध्ययनरत अनुसूचित जाति की दो छात्राओं के साथ जातिगत भेदभाव, मानसिक व शारीरिक उत्पीड? तथा आत्महत्या के लिए उकसाना आदि के बाद पुलिस विभाग द्वारा कोई उचित कार्यवाही न होने को लेकर पूरे प्रदेश में अनुसूजित जाति, जनजाति, ओबीसी, मानवाधिकार संगठन, समाजिक संगठन व अन्य संस्थाएं लामबंद हो गई हैं। इसी कड़ी को लेकर शुक्रवार को बिलासपुर में भी धरना प्रदर्शन किया गया। अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत डीएसपी सीता राम कौंडल की अगवाई में सैंकड़ों लोगों ने बिलासपुर में प्रदर्शन किया तथा एसी टू डीसी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा केंद्रीय एससी एसटी आयोग दिल्ली को ज्ञापन प्रेषित किया। इससे पूर्व डियारा सेक्टर में स्थित महर्षि वाल्मिकि मंदिर परिसर से लेकर उपायुक्त कार्यालय तक रैली निकाली गई। जिसमें न्याय को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सीता राम कौंडल ने कहा कि आजादी के सात दशक बीत जाने के बाद लोगों की मानसिकता में किसी प्रकार का सुधार नहीं आया है।

आज भी मनुवादी ताकतें दबंगई अपनाते हुए एससीए एसटीए ओबीसी, मायनौरिटी के लोगों को दबाने के लिए प्रयासरत हैं। नर्सिंग इंस्टीच्यूट में दो सगी बहनों के साथ हुए इस प्रकार के अमानवीय व्यवहार से साबित हो गया है कि आज भी समाज का पढ़ा लिखा होने का दावा करने वाला वर्ग घटिया मानसिक संकीर्णता से नहीं उबर पाया है। संविधान पर चलने वाले इस देश में संविधान के पैरोकार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इसी मामले में एफ आईआर दर्ज करवाने के लिए संगठनों को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी बावजूद इसके एफआईआर दर्ज होने के बाद किसी प्रकार की कोई गिरफ्तारी नहीं हुईए जिसको लेकर इन संगठनों में रोष की लहर है। शासन के इस ढुलमुल रवैए को लेकर पूरे प्रदेश में एससीए एसटीए ओबीसी संगठन धरने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज उठा रहे हैं ताकि पीड़ित बच्चों को न्याय मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि इन बच्चों के एससीएसटी छात्रवृति के फ ार्म भरने तक से रोका गयाए जो कि इनका अधिकार है।



# कलाकारों ने योजनाएं की दी जानकारी

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा

प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों एवं कार्यक्रमों तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं को आम जनमानस तक पंहुचाने के उदेश्य से सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के अधीन कार्यरत फ ोक मीडिया दल के कलाकारों द्वारा आज भगवती सांस्कृतिक मण्डल शंठा ने ग्राम पंचायत नेरवा तथा ग्राम पंचायत देवत, वंदना कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत शिंगला तथा ग्राम पंचायत ढांसा, जय देव कुर्गण सामाजिक एवं सांस्कृतिक कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत कोटी व दरभोग, पूजा कला मंच के कलाकारों द्वारा ग्राम पंचायत शकराह व ग्राम पंचायत देवनगर, स्वर साधना कला मंच के कलाकारों द्वारा आज टूटीकंडी व फागली तथा जयश्वरी लोक नृत्य कलामंच के कलाकारों द्वारा आज ग्राम पंचायत करालश में गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक से जागरूक किया गया। कलाकारों ने बताया कि हिमाचल सरकार द्वारा आत्मनिर्भर हिमाचल-समृद्ध हिमाचल बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान सरकार द्वारा ष्सरकार गांव के द्वारष कार्यक्रम चलाया गया हैए जिसमें आम जनमानस की समस्याओं को सुना जाता है और उनका मौके पर निपटारा किया जाता है।



# रॉकफोर्ड में पलक मिस व आर्यन बने मिस्टर पर्सनेलिटी



**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रॉकफोर्ड सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल ऊना में जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जमा एक कक्षा के बच्चों द्वारा आयोजित समारोह में सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। 11वीं के बच्चो ने 12वीं के बच्चो को टाइटल दिए और उपहार देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कार्यक्रम को रंगारंग बनाने के लिए बच्चों ने म्यूजिकल चेयर, बैलून फोड?ा, पेपर डांस तथा कुछ अन्य गतिविधियां करवाई गई। समारोह में मिस पर्सनेलिटी पलक और मिस्टर पर्सनेलिटी आर्यन को चुना गया। मिस फेयरवेल मनीषा और नारायण को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। मिस्टर रॉकफोर्ड यश वर्धन और मिस रॉकफोर्ड संस्कृति शर्मा को चुना गया। अंत में स्कूल एमडी विनोद आंनद और प्रधानाचार्य शगुन सिक्का ने 12वीं के बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के लिए महात्मा प्रेम सिंह ने नए भवन की रखी आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

अभिलाषी विश्वविद्यालय चैलचौक, मंडी, देवभूमि हिमाचल प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा ही अग्रणी बनकर उभरा है। अभिलाषी विश्वविद्यालय के परिसर में महात्मा प्रेम सिंह, संयोजक, संत निरंकारी मंडल, ब्रांच कठयाल द्वारा इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम के लिए नए भवन की आधारशिला रखी गई। इस मौके पर अभिलाषी विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ आर के अभिलाषी, प्रो. चांसलर डॉ एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रो. एचएस बनयाल, अभिलाषी एजुकेशन सोसायटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ प्रोमिला, सेक्रेटरी नरेन्द्र कुमार, जीनियस एजुकेशन सोसायटी की चेयरपर्सन डॉ नर्वदा, विवि के रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, डॉ. नीलम कुमारी सहित सभी विभागों के डीनए प्रिंसिपल व डॉयरेक्टर मौजूद रहे। गौरतलब है कि अब प्राइमरी टीचर से लेकर सेकेंडरी शिक्षक बनने के लिए नई शिक्षा नीति के तहत नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन की ओर से नया प्रोग्राम इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम लॉन्च किया जा रहा है।



# अयोध्या से हिमाचल के लिए रवाना हुआ राम भक्तों का जत्था

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**हिमाचल** प्रदेश से राम भक्तों का जत्था अयोध्या के लिए राम लल्ला के दर्शन करने के लिए रवाना हुआ था। अपने दो दिन के प्रवास के दौरान राम भक्तों ने जहां विभिन्न सेवा कार्यों में हिस्सा लिया तो वही राम लल्ला के साथ-साथ हनुमान गढ़ी, शबरी माता मंदिर, नागेश्वर, मंदिर सरयू माता मंदिर, सरयू नदी के पवित्र घाट के दर्शन कर सरयू नदी की सांध्य आरती, लेजर लाइट आरती में भी हिस्सा लिया। छोटी काशी से रवाना हुए का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉक्टर अनुपम टंडन के नेतृत्व

**राम के दर पर**

**8 7 फ वरी को हिमाचल से रामलल्ला के दर्शन के लिए राम भक्तों का अयोध्या पहुंचा था जत्था**

ऊना के रेलवे स्टेशन पहुंचा। अयोध्या धाम एक्सप्रेस के लिए रवाना हुए थे। उन्होंने अयोध्या धाम में जहां अनेक सेवाएं की। 500 सालों के लंबे संघर्ष व लाखों हिंदुओं ने अपने राम लल्ला के मंदिर निर्माण के लिए बलिदान दिया था। उस गर्भ गृह स्थल पर



राम लल्ला को भव्य मंदिर में उनके दर्शन कर श्रद्धालुओ आंखों पर आंसुओं का सैलाब था व दर्शन करके भाव विभोर हो गए। जिन लोगों ने 1990 की कार सेवा में भाग लिया था उनकी आंखों में तो आंसू टपक रहे थे। हिमाचल से आए करीब 1200 श्रद्धालुओं के लिए राम जन्मभूमि ट्रस्ट की ओर से राम तीर्थ क्षेत्र में उनके ठहरनेए खाने पीने की निशुल्क व्यवस्था की गई थी। इस शुल्क व्यवस्था के साथ.साथ राम भक्तों ने जहां एक दूसरे प्रांत के पदाधिकारी से मिलकर सनातन संस्कृति पर चर्चा की तो वही विशेष बैठक कर आगामी समय में हिंदुत्व को मजबूत करने सनातन संस्कृति का प्रचार प्रसार करने और नए युवाओं को अपनी संस्कृति धरोहर से अवगत कराने का संकल्प भी लिया । राम भक्तों के लिए अयोध्या धाम में विभिन्न प्रांतो व करीब 50 धार्मिक संस्थाओं द्वारा लंगर का आयोजन किया जा रहा है । जहां भी और जिस प्रांत के श्रद्धालुओं को ठहराया जाता है उस स्थल पर लंगर के माध्यम से निशुल्क भोजन की व्यवस्था रहती है । राम लाल के दर्शनों के लिए आए श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न संतो के अखाड़ों द्वारा प्रसाद वितरित किया जा रहा है।आस्था रेलगाड़ी में जय श्री राम के उदघोष और भजन कीर्तन लगातार चलता रहा।

## रा.व.मा.पा. खरवाड़ में लगी विज्ञान प्रदर्शनी: राजेश गौतम



**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

**प्रारंभिक** शिक्षा विभाग हमीरपुर व हिमकोस्टे के सौजन्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरवाड़ में विज्ञान मॉडल व वेसट से बैसट वस्तुओं की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। आज की प्रदर्शनी में पाठशाला के बच्चों द्वारा ईकचरा प्रबंधन, आपदा से बचाव, ऊर्जा व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर मॉडल बनाकर प्रदर्शित किए गए। बच्चों द्वारा भाषण व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भी भाग लिया गया। आज की इस विज्ञान प्रदर्शनी में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्थानीय पंचायत प्रधान भागां देवी, प्रवीण कुमार अध्यक्ष स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावक उपस्थित रहे। स्कूल में कार्यरत अध्यापकों कमलेश कुमार, सुरेंद्र धीमान, सुरेंद्र कुमार सहित अन्य अध्यापकों ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूल के प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह व विज्ञान प्रवक्ता मीना कुमारी द्वारा प्रतिभागी बच्चों को इलैक्ट्रोनिक कचरा प्रबंधन, ऊर्जा व जल संरक्षण इत्यादि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

## 'मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें संबंधित विभाग'

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/ विवेकानंद वशिष्ठ**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि मतदाता जागरुकता अभियान को गति प्रदान करने के लिए हिमाचल प्रदेश निर्वाचन विभाग ने शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत जिला हमीरपुर में भी इन विभागों के सहयोग से मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव की मतदान प्रक्रिया में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन



अधिकारी ने बताया कि जिला के शिक्षण संस्थानों में चुनावी साक्षरता क्लबों यानि इलेक्टोरल लिटरेसी क्लबों ईएलसी का गठन किया गया है। इन शिक्षण संस्थानों को हर महीने के तीसरे शनिवार को ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हर महीने के पहले शनिवार को चुनाव पाठशाला भी आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों को ईएलसी की गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अमरजीत सिंह ने बताया कि निर्वाचन विभाग तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के बीच हुए समझौता ज्ञापन के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर स्वयं सहायता समूहों, युवक मंडलों, समुदाय आधारित संगठनों तथा महिला मंडलों के सहयोग से स्वीप कमेटियों का गठन किया जाएगा।

## एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

परिवहन विभाग के तत्वावधान में 15 जनवरी से लेकर 14 फ रवरी तक आयोजित किये जा रहे सडक सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत आज उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एकीकृत सडक सुरक्षा डाटाबेस आईआरएडी को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के प्रतिनिधि ने संबंधित पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा हिमाचल पथ परिवहन निगम के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को डाटा अपडेट करने से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं का प्रशिक्षण प्रदान किया ताकि भविष्य में सडक दुर्घटनाओं के आंकड़ों का सही आकलन किया जा सके।

## 15 जनवरी से 14 तक पूरे देशभर में चलाया जा रहा है सुरक्षा जागरूकता अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

15 जनवरी से 14 फ रवरी तक पूरे देश भर में सडक.सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्रीय परिवहन विभाग कुल्लू के रोड सेफ्टी सेल द्वारा भी उक्त अभियान के तहत कुल्लू में इसकी शुरूआत हुई। मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा भी आज कुल्लू बस स्टैंड व आई टी आई शमशी में यातायात नियमों के बारे गीत संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों व आई टी आई के प्रशिक्षुओं को जानकारी दी। आज हुए कार्यक्रम में



मन्नत कला मंच के कलाकारों नवनीत भारद्वाज, मानचंद, खूबराम, अशोक, संजय, चंपा, आशा शर्मा, गोपाल, रिया, ने गीत, हेरी शुणी गड्डी चलानी, सुनो गौर से गाड़ी वालोंश्व नुक्कड़ नाटक सडक सुरक्षा जीवन रक्षा के माध्यम से लोगों को गाड़ी लेने से पहले कानूनन उम्र 18 की होना, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बाइक चलते समय हेलमेट का प्रयोग, सीट बेल्ट लगाना, ओवर स्पीड व ओवरटेकिंग न करना, किसी भी नशे की हालत में गाड़ी न चलाना, गाड़ी चलाते समय फोन का इस्तेमाल नहीं करना आदि यातायात नियमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### न्यूज फ्लैश

## विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने मेल स्कूल के मेधावी विद्यार्थी किये पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि ग्राम पंचायात मेल और इसके आस-पास के क्षेत्रों के लिए पेयजल व सिंचाई योजनाओं पर 4 करोड़ 43 लाख की राशि व्यय होगी। वह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेल के



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 2 करोड़ 24 लाख की राशि से बनने वाली उठाऊ सिंचाई योजना की जल्द निविदाएं आमन्त्रित की जा रही हैं। इसी तरह उठाऊ पेयजल योजना पर 2 करोड़ 24 लाख व्यय होंगे। कुलदीप सिंह पठानिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष भर की गतिविधियों के लिए वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने साधारण प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को और मेहनत करने की नसीहत भी दी। साथ में कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मेल में सभी आवश्यक संसाधनों को पूरा कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय को एक उत्तम खेल मैदान की सुविधा के लिए स्थानीय लोगों द्वारा स्वेच्छा से निजी भूमि देने का निर्णय भी लिया जाना चाहिए। उन्होंने स्कूल के वार्षिक प्रतिवेदन पर हर्ष जाहिर किया तथा बोर्ड परीक्षाओं में और सुधार की आवश्यकता भी जताई। कुलदीप सिंह पठानिया ने विकास कार्यों का जिक्र भी आपने संबोधन में किया।

## आज वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रहेगा प्रीणी: हामटा रोड

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

**प्रीणी**-हामटा रोड सभी प्रकार के वाहनों के लिए आज पूरी तरह बंद रहेगा। रोड़ पर अत्याधिक बर्फ होने के चलते वाहनों की आवाजाही के लिए सुरक्षित नहीं था । इसलिए एलाइन दुहंगन जल विद्युत परियोजना प्रभारी द्वारा प्रशासन से इस रोड को शनिवार को बंद रखने का आग्रह किया था ताकि परियोजना प्रबंधन अपनी मशीनरी और मैनपावर लगाकर इस रोड को बहाल कर सके। एसडीएम रमण कुमार शर्मा ने कहा कि प्रीणी हामटा रोड को परियोजना प्रबंध के आग्रह पर 10 फ रबरी को सुबह 7 बजे से 12 बजे तक वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रखा जाएगा।

## सब्जियों की खेती की बारीकियां सिखाई, ड्रोन का भी किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा में हमीरपुर के हिमोउत्थान संस्था के सौजन्य से सब्जियों की संरक्षित खेती पर एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में नादौन और सुजानपुर खंड के लगभग 100 किसानों एवं महिला कृषकों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यक्रम समन्वयक डा. विशाल डोगरा ने प्रतिभागियों को सब्जियों की संरक्षित खेती की संभावनाओं और नवीनत्तम तकनीकों के बारे



में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दैनिक आहार में पोषक तत्वों और इसमें सब्जियों के बेहतर समावेश के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि सब्जियों की खेती करके किसान अपने दैनिक जरुरतों को पूरी करने के साथ-साथ अच्छी आय भी अर्जित कर सकते हैं। इसलिएए उन्हें पारंपरिक फसलों के साथ-साथ सब्जियों की खेती को भी अपनाना चाहिए। शिविर के दौरान कीट वैज्ञानिक डॉण छवि ने सब्जियों की संरक्षित खेती के दौरान फसल को कीटों और रोगों से बचाने के बारे में जानकारी दी तथा इसके लिए कई प्राकृतिक और रासायनिक विधियों का प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. नवनीत जरयाल ने भी फसल के पोषण प्रबंधन और सिंचाई प्रबंधन के बारे में कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. लवभूषण और उनकी टीम ने किसानों को आधुनिक ड्रोन प्रौद्योगिकी से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि फसलों में दवाई के छिडकाव के लिए ड्रोन प्रौद्योगिकी बहुत ही कारगरए किफायती और सुरक्षित साबित हो सकती है। ड्रोन को एक ही जगह से नियंत्रित किया जा सकता है और इससे छिडकाव के दौरान दवाई की बबार्दी भी नहीं होती है।

## अवैध शराब सहित दुकानदार काबू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

रामपुर रोड़ पर स्थित एक दुकान से पुलिस ने अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोप में दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम वीरवार देर शाम को रामपुर रोड़ पर गशत कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुलजारी लाल निवासी वार्ड नंबर पांच, चौरासी पौडि?ां की दुकान की तलाशी ली। इस दौरान अवैध शराब की 12 देसी बोतल बरामद की गई। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने गुलजारी लाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कृषक प्रशिक्षा केंद्र सुंदर नगर में परियोजना

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

**कृषक** प्रक्षिक्षण केन्द्र सुन्दर नगर, जिला मण्डी, हिमाचल प्रदेश में परियोजना निदेशक जाइका हमीरपुर फेस-॥ के सौजन्य से 3 दिवसीय प्रक्षिक्षण कार्यक्रम पम्पिंग मशीनरी का डिजाइन के विषय पर करवाया गया। इस कार्यक्रम का शुभआरम्भ 07 को हुआ। समन्यवक डॉ नरेश कुमार ने बताया कि कृषि विभाग के 20 कनिष्ठ अभियंता, प्रारूपकार व सर्वेक्षक भाग ले रहे है। जिसमे प्रतिभागियों को कार्यक्रम पहले दिन इंजीनियर निखिल जसरोटिआ



द्वारा उठाऊ सिंचाई योजना एवं उसके घटकों का चयन व पंपिंग मशीनरी की डिजाइनिंग, डॉ नितीश कश्यप द्वारा सौर पैनलों के माध्यम से सिंचाई योजनाओं एलआईएस/टीडब्ल्यू के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग करना, सौर पैनल प्रणाली की स्थापना, संचालन एवं रखरखाव इंजीनियर कृष्ण वर्धन द्वारा सौर फ ोटोवोल्टिक सिंचाई डिजाइन, सौर लिफ्ट सिंचाई के घटक, सौर विकिरण और सौर पैनल, सौर पैनलों के लिए सौर सेल/संयोजन, सौर पैनलों की रेटिंग, श्रृंखला-समानांतर कनेक्शन प्रकार का नियंत्रण, इंजीनियर नितीश गुलेरिआ द्वारा पम्पिंग मशीनरी का प्रकार और चयन तथा विभिन्न पम्पों की प्रदर्शन विशेषताएं, पंप प्रौद्योगिकी, एसी/डीसी केन्द्रापसारक/विस्थापन, सतह, पनडुब्बी, एकल/मल्टीस्टेज आदि तथा डॉ पीएल शर्मा द्वारा पानी की आवश्यकता के लिए डेटा तैयार करना और विश्लेषण करना, बाढ़ सिंचाई प्रणाली और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के माध्यम से पानी की आवश्यकता की गणना और अनुप्रयोग दक्षता बारे चर्चा की

## जनता का मूड, पीएम मोदी के पक्ष में : बलबीर



**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलबीर वर्मा ने कहा कि देश के सी वोटर सर्वे के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर केंद्र में एक मजबूत सरकार की स्थापना करने जा रही है, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, गुजरात जैसे बड़े राज्य में तो भारतीय जनता पार्टी क्लीन स्वीप करने वाली है और उत्तर प्रदेश में भी 70 सीटें भाजपा की झोली और कांग्रेस को केवल 1 ही सीट प्राप्त होगी। यह एक प्रचंड लहर का अंदेशा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल कार्य पर मोहर है। हिमाचल प्रदेश में भी एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी चारों लोकसभा सीटों पर बड़ी विजय प्राप्त करेगी, सर्वे के मुताबिक हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को 60ः वोट मिलेंगे और कांग्रेस को केवल 29ः जो कि भाजपा के वोट प्रतिशत का आधे भी नहीं है। उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में भी सभी 68 विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी विजय प्राप्त की थी और इस बार भी ऐसा ही नतीजा रहेगा। उन्होंने कहा की कांग्रेस का 10 साल का कार्यकाल विनाशकाल के नाम से प्रसिद्ध है और भाजपा का 10 साल का कार्यकाल अमृतकाल। 2004 से 2014 तक देश में विनाशकाल और 2014 से 2023 तक अमृतकाल का समय था। कांग्रेस सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल 2004-14 में देश की अर्थव्यवस्था से लेकर सडक, रेल और विदेशी प्रयत्क्ष निवेश तक खस्ताहाल था, जबकि 2014 के बाद मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से लेकर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया।

एसमएल-11

## भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य ने सरकार की जमकर की आलोचना

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

मुख्यमंत्री के जिला चंबा दौरे से एक दिन पहले भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं पूर्व में अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम के उपाध्यक्ष रहे जय सिंह ने प्रदेश सरकार को घेरते हुए यह आरोप लगाया है कि सरकार ने चंबा जिला विशेष कर चंबा विधानसभा क्षेत्र से अन्याय किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री 10 फरवरी को चंबा जिला के दौरे पर आ रहे हैं वह आने से पहले जिला में डीनोटिफाई की हुई संस्थाओं को नोटिफ ई करें। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने चंबा जिला के साथ विशेष कर चंबा



विधानसभा क्षेत्र से अन्याय किया है। चंबा के आईपीएच के मरेडी स्थित सब डिवीजन को डी नोटिफ ाई किया इसके अलावा दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो पूर्व सरकार ने खोले थे उन्हें बंद किया साहू में उप तहसील खुली थी उसे भी बंद करवा दिया जिससे साहू तथा गुदियाल परगना के लगभग 30 से 40000 लोगों को सुविधाओं से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा कि जिला की जनता सरकार के इस कार्य के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगी तथा इसका भुगतान वर्ष

**पूछा सवाल**

**8 सरकार से प्रश्न किया कि वह बताएं कि बिजली की 300 यूनिट फ्री देने की बात कहां गई**

2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा। जय सिंह ने कहा कि इस सरकार ने अपने 14 माह के कार्यकाल में विकास कार्य तो दूर जो सुविधाएं लोगों को मिल रही थी उनको भी छीना है। चुनावों से पहले घोषणा की थी कि हर वर्ष एक लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा मगर इसके उल्ट 14000 संस्थान जहां बंद किया वहीं नौकरी में लगे आउटसोर्स कर्मचारी को बाहर का रास्ता दिखाया है। महिलाएं आज भी 1500 रुपए मासिक पेंशन लगने के इंतजार में बैठी हैं। उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि वह बताएं कि बिजली की 300 यूनिट फ्री देने की बात कहां गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनरों के साथ भी धोखा किया है कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है इन 14 महीना में सरकार ने 18000 करोड रुपए का कर्ज लेकर हिमाचल वासियों को कर्ज में डुबो दिया है। इस मौके पर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के संयोजक आईटी अनुसूचित जनजाति मोर्चा नेक राज भी मौजूद रहे।

## आईएएन मैकलॉड डिस्टिलर्स इंडिया में भरें जाएंगे 9 पद

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

मैसर्ज आईएएन मैकलॉड डिस्टिलर्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड द्वारा जिला रोजगार कार्यालय में 15 फरवरी को प्रातः 10.30 बजे साक्षात्कार का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी ऊना ने बताया कि कंपनी द्वारा केवल पुरूषों के 9 पद अधिसूचित किए गए हैं। इनमें प्रोसैस एग्जिक्यूटिव (माल्ट स्प्रिट) के चार पद और ऑप्रेटर के पांच पद भरे जाएंगे। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता अल्कोहल टेकनोलॉजी में बीटैक तथा 35 से 40 हजार रुपए वेतन तथा माल्ट स्प्रिट प्लांट में बीएससी के साथ तीन साल का अनुभव होना चाहिए।

# संपादकीय

## स्वामीनाथन: जिन्होंने भूख और अन्न का व्याकरण बदल दिया

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**सुप्रसिद्ध** कृषि विज्ञानी प्रोफेसर मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा की गई है। पिछले साल ही 28 सितंबर को इस महान वैज्ञानिक का 98 साल की आयु में निधन हो गया था। उनके वैज्ञानिक अवदान की वजह से लाखों भारतीय गरीब दशकों तक भूख के खिलाफ जीवन-मरण की लड़ाई जीत सके या अकाल मौत का निवाला बनने से कम-से-कम बचे रह सके। मानव सेवा के क्षेत्र में इस सर्वोच्च योगदान की इसी वजह से टाइम मैगजीन ने 20वीं सदी के सबसे प्रभावशाली एशियाई के रूप में जिन तीन भारतीयों का चयन किया, उनमें रवीन्द्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी के साथ एमएस स्वामीनाथन का नाम था। स्वामीनाथन को हरित क्रांति का मुख्य वास्तुकार कहा जाता है। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को विकसित करने में अहम भूमिका निभाई। जिसने यह सुनिश्चित किया कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा पैदावार ले सकें। 1960 के दशक में स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावार वाली किस्म (एचवाईवी) के बीज विकसित किए, जिसने आगे चलकर हरित क्रांति की लहर के रूप में भारतीय कृषि जगत की सूरत बदल दी। देश में हरित क्रांति की शुरूआत दिल्ली-हरियाणा सीमा के एक गांव से हुई। जौंती के नाम से मशहूर यह गांव, देश के कृषि क्रांति का नर्सरी रहा है। स्वामीनाथन ने इस गांव का चयन गेहूं और बाजरा के उन्नतशील बीजों पर अनुसंधान के लिए किया था।

दरअसल, दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा, जिसमें भूख से छटपटाते करीब 20 लाख से ज्यादा भारतीयों की जान चली गई। बंगाल का अकाल भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक काल की सबसे बड़ी त्रासदियों में एक था। इसमें हुई मौतों के लिए ब्रिटेन के तत्कालीन पीएम विस्टन चर्चिल को भी जिम्मेदार माना जाता है। 4 अगस्त 1943 को चर्चिल की अगुवाई में वॉर कैबिनेट की बैठक हुई जिसमें अधिकारियों ने बंगाल में भूख से मर रहे लोगों की मदद के लिए तत्काल पांच लाख टन गेहूं भारत भेजने की सिफारिश की। लेकिन चर्चिल ने न केवल भारत में अनाज भेजने से मना किया बल्कि यह ताना भी मारा कि खरगोश की तरह बच्चा पैदा करने वाले भारतीय इस अकाल के लिए खुद जिम्मेदार हैं। इसी बैठक में चर्चिल ने यूरोप के बाकी हिस्सों में अनाज भेजने के आदेश दिए ताकि दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेज सैनिकों के लिए खाने की कमी न हो। बहरहाल, तमिलनाडु के कुंभकोणम में 7 अगस्त, 1925 को पैदा हुए 18 वर्षीय युवक स्वामीनाथन को इस परिदृश्य ने झकझोर कर रख दिया। अनाज के बिना मौत के भयावह आंकड़ों ने युवक स्वामीनाथन के भीतर देश के हर व्यक्ति के लिए खाद्यान्न सुनिश्चित कराने के संकल्पों को भी कहीं मजबूत किया। 1944 में स्वामीनाथन ने मद्रास एग्रीकल्चर कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1960 के दशक के आखिरी वर्षों में स्वामीनाथन का संकल्प आखिरकार सिद्ध हुआ। हर भारतीय के लिए खाद्यान्न सुनिश्चित कराने के अपने संकल्प को स्वामीनाथन ने हरित क्रांति के जरिये पूरा कर दिखाया। यह किसी चमत्कार से कम नहीं था कि भारत सरकार ने 1971 में देश को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर घोषित कर दिया।

# राजस्थान के बजट दिखा मोदी विजन

> अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार-बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दो का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रुपए का सेविंग बांड दिया जाएगा

**राजस्थान में** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए भाजपा सरकार के पहले लेखा अनुदान (अंतरिम बजट) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन परिलक्षित हुआ है। यह बजट पूरी तरह से आगामी लोकसभा चुनावों को ध्यान में रखकर लोक लुभावना बनाया गया है। हालांकि अंतरिम बजट होने के कारण इसमें अधिक घोषणायें नहीं की गई है। फिर भी बजट में ऐसी अन्य को बातों को शामिल किया गया है जिसका असर सीधे आम लोगों पर पड़ता है। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कई गारंटी दी थी। प्रधानमंत्री मोदी की बहुत सी गारंटीयों को इस बजट में शामिल किया गया है। अनुभव के हिसाब से उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वित्तमंत्री के रूप में पहला बजट पेश किया था। मगर जिस तरह से उन्होंने बजट भाषण पढ़ा उसमें पूरा आत्मविश्वास झलक रहा था।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार का यह पहला बजट था। इस कारण सरकार को चुनाव के दौरान किए गए लोक लुभावने वायदों को बजट में शामिल किया जाना बहुत जरूरी था। उसी को ध्यान में रखते हुए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने बजट में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं, किसानों, व्यापारियों, धमाचार्य को खुश करने के लिए बजट में कई तरह के प्रावधान किए हैं। प्रदेश में बुजुर्गों को अभी तक रोडवेज की बसों में 30 प्रतिशत किराए में छूट मिलती थी जिसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। इसी तरह वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा मासिक पेंशन को एक हजार रुपए से बढ़कर 1150 रुपए प्रतिमाह कर दिया गया है। उपमुख्यमंत्री ने बजट में 70 हजार युवाओं को नई नौकरी देने की घोषणा की है। इसके लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग व राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के द्वारा भर्ती कैलेंडर भी बनाने की बात कही गई है। राजस्थान में पिछली अशोक गहलोत सरकार के खिलाफ सबसे बड़ा मुद्दा भर्ती परीक्षाओं में हो रही धांधली को लेकर था। गहलोत सरकार के कार्यकाल में 18 भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने के कारण परीक्षाओं को निरस्त करना पड़ा था। बाद में प्रशासनिक परीक्षाओं में



भी कांग्रेस के कई बड़े नेताओं के परिजनों के चयन को लेकर विवाद हुआ था। जिसके चलते आम जन में गहलोत सरकार की नकारात्मक छवि बनी थी। इस बात को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार ने अपने पहले ही बजट में युवाओं को लुभाने के लिए एक साथ 70 हजार नयी भर्तियों की घोषणा की है। हालांकि भाजपा ने चुनाव से पहले राजस्थान लोक सेवा आयोग में आमूल चूल परिवर्तन करने की बात भी कही थी। मगर उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। भाजपा को पता है कि प्रदेश के युवा मतदाताओं की बदौलत ही उनकी सरकार बन पाई है। ऐसे में उन्हें अपने साथ जोड़े रखना बहुत जरूरी है। संविदा पर काम कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिन, सहायिकाओं के साथ ही अन्य संविदा कर्मियों तथा पंचायती राज व नगरीय निकायों के निर्वाचित जन प्रतिनिधियों को मिलने वाले मासिक भत्ते में भी 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की गई है। प्रदेश में इसका बड़ा असर होगा तथा कई लाख लोगों को इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को फायदा मिल पाएगा। अपने बजट भाषण के दौरान जब कांग्रेस नेता शांति धारीवाल बार-बार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को टोक रहे थे तो उन्होंने धारीवाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है। यहां पर महिलाएं भी बराबर की संख्या में है। उनके पास भी वोट की शक्ति है। इसी के चलते राज्य सरकार ने अपने अंतरिम बजट में महिलाओं के हित की कई योजनाओं की घोषणा कर उन पर पूरा फोकस रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एक करोड़ नई लखपति दीदी बनाने की घोषणा की थी उसी की तर्ज पर राजस्थान के बजट में भी 5 लाख परिवार की महिलाओं को लखपति दीदी योजना में शामिल कर उनकी आय को एक लाख से अधिक बढ़ाया जाएगा। गरीब परिवारों में कन्या के जन्म पर एक लाख रुपए का सेविंग बांड दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में प्रथम प्रसव पर 6 हजार रुपए दिए जाएंगे। जबकि अभी तक यह राशि पांच हजार थी। प्रदेश के सभी ब्लॉकों में एक-एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र की स्थापना की जाएगी। प्रदेश में महिलाओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी। सभी नारी निकेतनो में सीसीटीवी टीवी कैमरे लगाए जाएंगे। किसानों के लिए भी बजट में कई घोषणाएं की गई है। पीएम किसान निधि में मिल रहे 6000 की राशि को बढ़ाकर 8000 रुपए प्रतिवर्ष किया गया है। इस तरह हर किसान को साल में 2000 रुपए का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसे आगे बढ़कर 12000 रुपए तक किया जाएगा। किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी किए जाएंगे चालू वर्ष में 5 लाख गोपालक परिवारों को एक लाख रुपए तक का ब्याज मुक्त लोन उपलब्ध करवाया जाएगा। करीबन 33 लाख किसानों को विभिन्न फसलों के उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे। अल्पआय, लघु सीमांत ,बटाईदार किसानों, खेती और श्रमिकों के बच्चों को केजी से पीजी तक की मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। हालांकि सरकारी स्कूलों में आठवीं तक पढ़ाई और 12वीं तक किताबें पहले से फ्री दी जा रही है। 9वीं से 12वीं तक आंशिक फीस ही ली जा रही है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना का नाम बदलकर अब मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना किया गया है। जिसमें कैंसर का डे केयर इलाज को भी शामिल किया गया है। हाईवे पर हादसों में जान बचाने के लिए 25 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सूर्योदय योजना की घोषणा की थी। जिसके अंतर्गत राजस्थान के 5 लाख घरों पर रूफ टॉप सोलर पैनल लगाए जाएंगे। जिससे उन परिवारों के लोगों को 300 यूनिट तक प्रतिमा बिजली निःशुल्क मिल सकेगी। प्रदेश में मन्दिरों के उन्नयन पर 320 करोड़ रुपए खर्च किये जाने का प्रावधान किया गया है। इससे विभिन्न धर्माचार्यों का सरकार को समर्थन मिलेगा। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सभी चुनावी जनसभाओं में प्रदेश में पेट्रोल, डीजल की अधिक कीमतों का विरोध करते हुए भाजपा सरकार बनने पर उन्हें कम करने का वायदा किया था। मगर राज्य सरकार के बजट में उस पर कोई प्रावधान नहीं किया गया है।

जबकि प्रदेश के लोगों को अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में आज भी महंगी दरों पर पेट्रोल, डीजल खरीदना पड़ रहा है। इससे लोगों के मन में निराशा व्याप्त हुई है। प्रदेश के लोगों का कहना है कि राज्य सरकार को पेट्रोल, डीजल की कीमतों में अविलम्ब कमी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करना चाहिए। जिससे आमजन को राहत मिल सकें। हालांकि सरकार ने चीनी व गुड़ से मंडी टैक्स हटाकर महंगाई कम करने का प्रयास किया है। इससे व्यापारिक वर्ग की एक पुरानी मांग पूरी हुयी है।

# कविता

चार दिन जो तेरी सोहबत में आ जाये,
वो सचमुच राधा और मीरा हो जाये।

जो तेरी भक्ति में चरणों में आ जाये,
वो सचमुच बैकुण्ड को पा जाये।।

तेरे भजनों का असर है ऐसा प्रभु,
जो सुन ले वह चारों धाम का हो जाए।

तुझे याद करें हर दुख दूर हो जाए,
प्रभु कुछ ऐसा वरदान हम पा जाएं।

तेरी लीला अपरंपार है कन्हैया कान्हा,
तेरे भजनों से ही हमारा जीवन सार हो जाए।

ऐसा जतन कुछ करो प्रभु इस भव संसार में,
तेरे दर्शन को कोई ना कभी तरस पाये।

अपने चरणों के रज में हमें दे दो जरा सा स्थान,
हमारे इस जीवन की नैया पार लग जाए।

तूने हमें दिया मनुष्य का जन्म प्रभु,
सेवा में तेरे चरणों में स्थान पा जाए।

ऐसा वरदान हमें दे दे ईश्वर अब तू,
भजनों में तेरे हमारा जीवन लीन हो जाए।

संजीव

---------

## समग्र क्रांति के अग्रदूत महर्षि दयानंद

**डॉ. मोक्षराज**

गुजरात के गांव टंकारा में जन्मा एक ऐसा महापुरुष जिसके तर्क आज भी अकाट्य हैं। दादा साहब फाल्के पुरस्कार प्राप्त कवि प्रदीप ने ऋषि गाथा लिख व गाकर, बाबू देवेंद्रनाथ मुखोपाध्याय, रक्तसाक्षी पं. लेखराम, पं. घासीराम, मुंशी प्रेमचंद एवं कविवर मेथिलीशरण गुप्त ने लेखबद्ध कर गुजरात की धरती में जन्मी इस दिव्य आत्मा का गुणकीर्तन किया है। पाश्चात्य देशों में चर्चितः महर्षि दयानंद सरस्वती भारत के प्रथम महामानव थे जिनके बारे में 19वीं सदी के अमेरिकी एवं यूरोप के अखबारों में सबसे अधिक चर्चा रहती थी और इस चर्चा का प्रमुख कारण था महर्षि का क्रांतिकारी व्यक्तित्व। जन्मस्थली टंकाराः महर्षि दयानंद सरस्वती का जन्म 12 फरवरी, 1824 को तत्कालीन मोरवी राज्य के टंकारा गांव में हुआ । उनके पिता का नाम करसन तिवारी तथा मां का नाम यशोदा बेन उर्फ अमृतबाई था । वे औदीच्य ब्राह्मण थे। महान मार्गदर्शकः जो लोग महर्षि दयानंद से प्रभावित थे और उनका अनुसरण करते थे उनमें महारानी लक्ष्मीबाई, तांत्या टोपे, नाना साहब पेशवा, मैडम भीकाजी कामा, पंडित लेखराम, स्वामी श्रद्धानंद, श्यामजी कृष्ण वर्मा, सरदार किशन सिंह, सरदार भगत सिंह , विनायक दामोदर सावरकर, भाई परमानंद, लाला हरदयाल, मदन लाल ढींगरा, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, पं. गुरुदत्त विद्यार्थी, सुभाष चन्द्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सरदार ऊधम सिंह, स्वामी भवानी दयाल संन्यासी, स्वामी शंकरानंद, पं. रुचिराम आर्य, महाशय राजपाल, महादेव गोविंद रानाडे, लोकमान्य बालगंगाधर तिलक, अशफाकउल्ला खां, महात्मा हंसराज, योगमाया न्यूपाने, सरदार वल्लभभाई पटेल आदि प्रमुख थे । अंधविश्वास व पाखंड पर निष्पक्ष व निर्भीक प्रहारः यद्यपि संत कबीरदास, गुरु नानकदेव व संत रविदास ने गहन साधना के प्रभाव से कई सदी पूर्व अनेक धार्मिक पाखंड का खंडन किया, पुनरपि महर्षि दयानंद ने जो वेद-शास्त्रों व अन्य मत मजहबों की समालोचना की उसका कोई प्रतिवाद नहीं कर सका। महर्षि दयानंद सरस्वती ने निष्पक्षता से सामाजिक एवं धार्मिक भेदभाव को मिटाने का यत्न किया । वे भले ही ब्राह्मण कुल में उत्पन्न हुए किंतु उन्होंने धर्म के नाम पर प्रचलित विभिन्न पाखंड व अंधविश्वासों का इतना विरोध किया कि उसके कारण भारत के बड़े-बड़े पंडित, मौलवी व देश विदेश के पादरी भी उनके न केवल विरोधी हुए बल्कि उनके खून के प्यासे हो गये । दुर्गा कुंड के पास आनंद बाग में 1868 में हुआ काशी शास्त्रार्थ इतिहास के पन्नों में उस अकाट्य प्रश्न को भी लिख गया- वेदों में मूर्तिपूजा है कहां ? तथा कुरान व बाइबिल अवैज्ञानिक हैं।

स्वराज्य के प्रथम मंत्रद्रष्टाः महर्षि दयानंद सरस्वती अंग्रेजी वायसरायों के समक्ष भी सदैव भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मुखर रहे। वे किसी भी मत संप्रदाय से ईर्ष्या तो नहीं करते थे।

# विचार

## 10 साल की उपलब्धियों का काल बनाम 10 साल अन्याय

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में लोकसभा चुनाव अनुमानित अप्रैल माह में 7-9 चरणों में होने की संभावना लग रही है।इस तरह संसद का अंतिम सत्र बजट सत्र, जिसको एक दिन के लिए बढ़ाया गया है वह 10 फरवरी 2024 को समाप्त होगा, परंतु इस सत्र को ढाल बनाकर पक्ष विपक्ष अपनी अपनी उपलब्धियां व विफलताओं को गिना रहे हैं, जिसमें दोनों पक्षों द्वारा श्वेत पत्र, ब्लैक पेपर के रूप में जारी किया गया है जिसमें 59 पुष्ठ श्वेतपत्र संसद के पटल पर प्रस्तुत किया गया है और उस पर 9 फरवरी 2024 को चर्चा हो रही है। इसकी काट में विपक्ष द्वारा 57 पुष्टि ब्लैक पेपर प्रस्तुत किया गया है जिसमें पिछले 10 वर्षों की विफलताओ को दिखाया गया है चूंकि आज सारा दिन सोशल मीडिया पर 59 पुष्ट का श्वेत पत्र बनाम 57 पुष्ठ का ब्लैक पेपर छाया रहा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष आक्रामक, तेवरों में लड़ाई उपलब्धियों अन्याय काल की गिनाई, संसद से सड़क तक आई।

साथियों बात अगर हम श्वेत पत्र बनाम ब्लैक पेपर की करें तो, लोकसभा चुनाव नजदीक है। सरकार चुनाव के लिए तैयार है। सरकार विपक्ष को कोई मौका नहीं देना चाहती पहले ही साफ कर दिया गया था कि सरकार बजट सत्र में श्वेत पत्र लाएगी। इसके जरिए स्पष्ट कर देगी कि सरकार देश में कितना बदलाव लेकर आई। इसका सकारात्मक असर लोकसभा चुनाव पर पड़ सकता है। अंतरिम बजट 2024 पेश करते हुए हाल में वित्त मंत्री ने यूपीए सरकार के दौरान लिए गए आर्थिक निर्णयों और देश पर उसके कारण पड़े दुष्प्रभाव के बारे में बताने के लिए श्वेत पत्र लाने की घोषणा की थी। बजट भाषण में उन्होंने कहा था कि वर्ष 2014 में मोदी सरकार नेबागडोर संभाली थी, उस समय हमने स्टेप-बाय-स्टेप देश की अर्थव्यवस्था को बेहतर करने और शासन प्रणाली को सही रास्ते पर लाने की जिम्मेदारी संभाली थी। तब समय की मांग थी कि निवेश आकर्षित किया जाए, सुधार के लिए समर्थन जुटाया जा सके।सरकार राष्ट्र प्रथम के विश्वास के साथ इस लक्ष्य को हासिल करने में सफल रही, लोकसभा चुनाव के पहले ही सरकार और विपक्ष के तेवर आक्रामक हो चले है। सरकार श्वेत पत्र के जरिए यूपीए सरकार के कार्यकाल का काला चिट्ठा खोलने की तैयारी में है। विपक्ष ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। सरकार के श्वेत पत्र के जवाब में पार्टी ने ब्लैक पेपर लाने की बात कही थी। बड़ी पार्टी ने पार्टी के नेताओं के साथ 10 साल अन्याय काल के नाम से ब्लैक पेपर का पोस्टर जारी किया। उन्होने कहा, पीएम जब संसद में अपनी बात को रखते हैं तो अपनी सफलता को बताते हैं और अपनी असफलताओं को छिपा लेते हैं। सरकार के खिलाफ हम ब्लैक पेपर निकालकर लोगों को जानकारी देंगे। पार्टी के ब्लैक पेपर पर तंज कसते हुए कहा, मैं ब्लैक पेपर का स्वागत करता हूं क्योंकि जब कोई अच्छी बात होती हो काला टीका लगता है। नजर न लगे इसलिए यह जरूरी होता है। ऐसे में सवाल है कि आखिर श्वेत पेपर क्या है, इसे कौन-कौन ला सकता है, सरकार इस समय श्वेत पत्र क्यों ला रही है।

साथियों बात अगर हम दिनांक 8 फरवरी 2024 को माननीय केंद्रीय मंत्री द्वारा श्वेत पत्र संसद के पटल पर रखने की करें तो, केंद्र सरकार ने यूपीए के दस साल के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति पर आज संसद में एक श्वेत पत्र जारी कर दिया।59 पेज के इस श्वेत पत्र में केंद्र ,राज्य सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और महत्त्वपूर्ण रेटिंग एजेंसियों के आंकड़ों के सहारे यह साबित करने की कोशिश की गई है कि यूपीए के शासनकाल में देश की अर्थव्यवस्था बहुत खराब स्थिति में थी, 15 बड़े घोटालों से देश की अर्थव्यवस्था बेहद खराब स्थिति में पहुंच गई थी, जबकि सरकार के पिछले दस साल के शासनकाल में इसमें बहुत सुधार हुआ है। पार्टी इन आंकड़ों की तुलना करते हुए लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी के घोषणा पत्र में महत्त्वपूर्ण दावे कर सकती है हालांकि, यूपीए के शासनकाल पर श्वेत पत्र आने की चर्चा के बीच कांग्रेस ने मोदी सरकार के दस साल के शासनकाल में अर्थव्यवस्था की स्थिति पर ब्लैक पेपर लाकर अपनी चिंताओं को साझा किया है। पार्टी का दावा है कि केंद्र सरकार गलत दावे कर अर्थव्यवस्था की असली स्थिति छिपा रही है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**

ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## कर्म और सनातन सन्मार्ग जीवन की नियति

**संजीव**

**मनुष्य को धर्म** के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा 'इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए।

उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है।

## बाकी सभी गद्दार हैं.

**डॉ. सुरेश कुमार**

कुछ मतदाता प्रायः मतदाता न होकर मत की धज्जियाँ उड़ाने वाले होते हैं। निश्चित तौर पर इनको मतजोंक कहते हैं। कुछ इससे भी आगे बढ़ जाते हैं। इन पर गरीबी, बेरोजगारी, लाचारी, भ्रष्टाचार, लूटपाट, बलात्कार, महंगाई, दगाबाजी, बेईमानी, कीड़े-मकौड़ों जैसी जिंदगी झ किसी का भी असर नहीं पड़ता है. ये खास पार्टी के लिए जीते हैं और दूसरों को विवश करते हैं कि वे भी ऐसा ही करें। ऐसे लोगों से पहुँचे हुए बुद्धिजीवी, विद्वान, साहित्यकार भी डरते हैं। इन्हें अपना मजाक उड़ाने में मजा आता है। मजाक ये खुद का उड़ाते हैं और हालत दूसरों की खराब करते हैं। ऐसे महानुभावों को अंधभक्त कहते हैं। अंधभक्तों से देश भरा हुआ है और यह जग प्रसिद्ध है कि ऐसे लोगों की कभी आँखें नहीं खुलतीं। ये चौराहे पर हाथी को हजार बार छुएँगे, टटोलेंगे और हर बार अंधभक्त टाइप का ही जवाब देंगे। अंधभक्त होकर हमेशा अपनी इज्जत उतरवाने में जो मजा आता है, वह उन्हें खाने-पीने में भी नहीं आता है। बुद्धिजीवी अपनी इस बुद्धि पर गर्व करते हुए भटकते रहे कि उन्होंने अंधभक्तों की कई बार आँखें खोल दीं, लेकिन वे भूल गए कि गोबर में पैर रखने से गोबर का कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। आखिरकार जीत अंधभक्तो की ही होती है। होगी भी क्यों न। उनकी अपनी सो कॉल्ड वाट्सप युनिवर्सिटी जो है, एक बार जो इसमें प्रवेश ले लेता है सीधे डॉक्टरेट होकर निकलता है। बुद्धिजीवी, साहित्यकार, विद्वान सभी चुल्लू भर पानी में डूब मरने के लिए मचल उठते हैं। आखिरकार ये सभी अंधभक्त रूपी दीवार से सिर मार बैठते हैं और खुद का कबाड़ा कर लेते हैं। आत्मसम्मान रखने वाले हमेशा अंधभक्तों से पराजित होते रहते हैं, जो जितना बड़ा अंधभक्त बना, उसने उतनी ही बड़ी विजय हासिल की है। बेचारा गरीब मेहनतकश है लेकिन अंधभक्त नहीं बन पाता है। सरकार से विद्रोह करना तो दूर अपना वोट देकर अपनी किस्मत को ही कोसता है। सरकार के लिए एक अपशब्द भी नहीं कह पाता है। अंधभक्त हो जाता तो भूखे थोड़ी न मरता बल्कि भूख-सुध मिटाकर अमर बन जाता। बेचारा गरीब इस चमत्कार से स्वयं को अनछुआ कैसे रख पाता है, समझ नहीं आता है। और दूसरी ओर फलानी लड़की लातों-घूंसो के प्रहार सहते हुए बीच बाजार नंगी घुमाई जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### 2 किलो 260 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित दो आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी रविंद्र पुत्र बलजीत और मेमपाल पुत्र जय प्रकाश वासियान रंबा करनाल को गाड़ी में गांजा पत्ती सप्लाई करने जाते हुए गांव डोंडवा नजदीक गुरुद्वारा से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से गाड़ी से 2 किलो 260 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की गई। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी मेमपाल जो कि रविंद्र के साथ यह गांजा फूल पत्ती रंबा से लेकर आए थे, जो कि इसको किसी व्यक्ति को तरावड़ी बेचने जा रहे थे। दोनों आरोपी जल्दी पैसे कमाने के लालच में यह काम करते है। दोनों आरोपियों के आज न्यायालय में पेश किया गया, जिसमें आरोपी रविंद्र को न्यायिक हिरासत भेज दिया गया और आरोपी मेमपाल को एक दिन के रिमांड पर लिया गया। रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता पूछताछ कर गांजा पत्ती उपलब्ध कराने वाले आरोपी की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### मोटरसाइकिल चोर काबू, मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
एंटी व्हीकल थेफ्ट यूनिट की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी जगविंद्र उर्फ जोगिंद्र पुत्र ओमप्रकाश वासी फरीदपुर हाल भोला कॉलोनी घरौंडा को बजीदा मोड जीटी रोड करनाल से काबू कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी जगविंद्र ने थाना घरौंडा एरिया से 15 जनवरी को शिकायतकर्ता मोहित वासी घरौंडा की मोटरसाइकिल घरौंडा से, 19 अगस्त 2023 को शिकायतकर्ता टहल सिंह वासी बड़सत की मोटरसाइकिल पुराने बस अड्डा घरौंडा से और 12 जनवरी को शिकायतकर्ता प्रवीण कुमार वासी इंद्री की मोटरसाइकिल उसके घर के बाहर से चोरी कर वारदातों को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना घरौंडा में दो और थाना इंद्री में एक मामला पहले से दर्ज है।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी आदतन अपराधी है, जो कि जल्दी पैसे कमाने के लालच में चोरी की वारदाते करता है। आरोपी ने पहले भी आठ चोरी की वारदाते की हैं, जिनमें आरोपी जेल में भी रह चुका है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 20 किलो गांजे के साथ युवक पकडा

थाना हाईवे पुलिस व एसओजी टीम ने संयुक्त कार्यवाही में 20 किलो 100 ग्राम गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना हाईवे उमेश चन्द्र त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी राकेश यादव, चौकी प्रभारी तारसी ललित कुमार आदि थे। संयुक्त टीम ने चैकिंग करते समय नरहौली पुल से अभियुक्त नीतेश पुत्र रामजीत निवासी मथुरा दरवाजा मस्जिद के पीछे कुम्हार वाली गली वृन्दावन को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के खिलाफ थाना हाइवे और थाना वृंदावन में पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### फीस 33 हजार, स्कॉलरशिप 2 लाख और नौकरी हाथों हाथ

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद( हरपाल सिंह यादव )। तीन साल में फीस भरी 33 हजार रुपए और ऑन द जॉब ट्रेनिंग में स्कॉलरशिप से कमाए 2 लाख रुपए। इतना ही नहीं कोर्स पूरा होने से पहले नौकरी का नियुक्ति पत्र हाथ में आ गया। सफलता और मुनाफे का यह स्वाद चखा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने। बी. वॉक रोबोटिक्स एंड ऑटोमेशन तथा बी. वॉक मेकेट्रोनिक्स के दस विद्यार्थियों को शुक्रवार को कुलपति डॉ. राज नेहरू ने नियुक्ति पत्र सौंपे तो उनके चेहरे पर खुशी देखने लायक थी।
कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के मॉडल की यही विशेषताएं हैं, विद्यार्थियों को फीस बहुत कम चुकानी पड़ती है और ऑन द जॉब ट्रेनिंग के दौरान उन्हें उससे ज्यादा स्कॉलरशिप मिल जाती है। यह ऑन द जॉब ट्रेनिंग की विशेषता ही है कि विद्यार्थियों को प्रोग्राम पूरा होने से पहले ही नियुक्ति पत्र मिल जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से नवाचार के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को भविष्य के बदलते परिवेश और चुनौतियों के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया और विद्यार्थियों को नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दी।

# खेती किसानी को उचित स्थान देने वालों का सम्मान : धनखड़

**चंडीगढ़,/टीम एक्शन इंडिया**
केंद्र में भाजपा की मोदी सरकार ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसान मसीहा चौ चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव और कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न मिलने पर संपूर्ण देश में खुशी की लहर है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने झज्जर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर क्षेत्र की सरदारी भी मौजूद रही। सभी ने मिठाई बांटकर एक दूसरे को बधाई दी और पीएम मोदी का आभार जताया।



धनखड़ ने कहा कि चौ चरण सिहं बड़े किसान नेता थे , उन्होंने किसानों के मुद्दों को देश की राजनीति और अर्थव्यवस्था में उचित स्थान दिलवाया। इसलिए आज 36 बिरादरी खुशी मना रही है। धनखड़ ने किसान समुदाय और चौ चरण सिंह को प्यार करने वाले 36 बिरादरी के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ऐसी महान विभूतियों को भारत रत्न दिया है, जिन्होंने देश के लिए उल्लेखनीय काम किया है। पहले कांग्रेस राज में एक क्लास के लोगों को भारत रत्न मिलता था। मोदी सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति और कांग्रेस के नेता रहे प्रणब मुखर्जी को भारत रत्न दिया और आज कांग्रेस नेता पूर्व प्रधानमंत्री नरसिंह राव को भारत रत्न सम्मान देने की घोषणा की है।भाजपा राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि हरित क्रांति के जनक, किसानों की खेती को जोखिम फ्री बनाने और किसानों की आय बढ़ाने में अहम योगदान देने के लिए विख्यात कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा से किसान संगठनों, और किसान परिवारों ने अपार खुशी जताई है। मेरा सौभाग्य है एम एस स्वामीनाथन के साथ किसानों के मुद्दों पर साथ काम करने का अवसर मिला।

इस अवसर पर गुलिया खाप प्रधान सुनील गुलिया, अहलावत खाप प्रधान जयसिंह अहलावत, धनखड़ खाप से उपप्रधान जयपाल,गठवाला खाप के राष्ट्रीय महासचिव अशोक मलिक, राजकुमार सुनारिया, अनूप सिंह, किसान नेता छैलाराम,डॉ दिनेश घिलौड़, किसान संगठनों के प्रतिनिधि, गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने भी तीनों विभूतियों को भारत रत्न देने पर खुशी जताई और पीएम मोदी का आभार जताया।

## चावल लदे ट्रैला में घुसा कंटेनर, एक की मौत



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
आगरा दिल्ली हाईवे पर एक कंटेनर चावल लदे ट्रोला में जा घुसा। आगरा दिल्ली हाईवे पर चावल लदे ट्रोला में डिवाइडर पार कूदकर आया कंटेनर घुस गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। बृहस्पतिवार रात्रि दिल्ली की तरफ से आ रहा कंटेनर अकबरपुर फ्लाईओवर से उतरते ही दूसरे हाईवे पर कूदकर सामने से आ रहे चावल लदे ट्रोला में घुस गया। ट्रोला ने पास से निकल रहे दूध की वैन के टैंकर को चपेट में ले लिया। पूरे हाईवे पर चावल के कट्टे बिखर गए। टक्कर लगने के बाद कंटेनर चालक स्टेरिंग के बीच में फस गया और मौके पर ही मौत हो गई। हाईवे पर तीन किलोमीटर से लम्बा जाम लग गया। करीब आधा घंटे हाईवे जाम रहा। सूचना पर पहुंची छाता पुलिस ने घायलों को निजी अस्पताल भर्ती कराया।

## कल मनाया जाएगा पंडित दीनदयाल उपाध्याय का बलिदान दिवस

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कस्बा फरह स्थित नगला चंद्रभान में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए महापौर विनोद कुमार अग्रवाल के साथ तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। शुक्रवार को तीन दिवसीय खेलकूद का आयोजन कस्बा फरह के नगला चंद्रभान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बलिदान दिवस के अवसर पर स्कूली छात्रा छात्राओं ने शारीरिक विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रामीण अंचल में जिस तरीका से यहां बच्चों का विकास हो रहा है वह सराहनीय कार्य है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में इस तरह के कार्यक्रम आयोजकों द्वारा किए जा रहे हैं वह भी सराहनीय है। जिलाधिकारी ने कहा कि



खेलों के प्रोत्साहन हेतु केंद्रीय एवं प्रदेश सरकार निरंतर कार्य कर रही है। खेलों से बच्चों का स्वास्थ्य रहता है दुरुस्त। इस मौके पर जिलाधिकारी ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत की। पहले दिन बच्चों के विकास के लिए खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। साथी ही बताया कि 11 फरवरी को पंडित दीनदयाल का बलिदान दिवस मनाया जाएगा। उससे पहले कई विभिन्न कार्यक्रम नगला चंद्रभान में आयोजित किए जाएंगे और बच्चों को प्रेरणा के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन पर प्रकाश डाल कर जानकारी दी जाएगी।

## डीएम के आदेश पर कुर्क की गई संपत्ति वापस मिली

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
एक माह दर बदर भटकने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा एक पीड़ित परिवार को उसका कुर्क किया गया घर निर्मुक्त कर दिया गया। आठ जनवरी को गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में महानगर के राधापुरम एस्टेट निवासी महेश वशिष्ट के घर को कुर्क कर दिया गया था। जिसकी सुनवाई जिलाधिकारी न्यायालय में हुई। दोनों पक्षों को सुनने और साक्ष्यों को परखने के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा कुर्क आवास को मुक्त करने के आदेश पांच फरवरी को दिए गए। जिसमें पुलिस द्वारा की गयी जब्ती को गलत पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति को वैधानिक रूप से अर्जित किया जाना पाया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर घर का ताला खुलने से पीड़ित ने राहत की सांस ली है।

## डॉ. निशा गुप्ता एंटी करप्शन इंडिया की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।**
एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल की विख्यात समाजसेविका डॉ. निशा गुप्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नियुक्त किया। नेशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एंव राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने डॉ. निशा गुप्ता को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई।
डॉ. निशा गुप्ता ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के



लिए कार्य करेंगी और ज्यादा से ज्यादा लोगो को संगठन के उद्देश्यों के साथ जोड़ेंगी। नरेंद्र अरोड़ा एंव पवन शर्मा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया सम्पूर्ण भारतवर्ष के सभी राज्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगो को भ्रष्टाचार उन्मूलन के लिए जागरूक करना है।
उन्होंने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यों में भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए शिक्षण संस्थानों व अन्य स्थानों पर सेमिनारों का आयोजन करना, हस्ताक्षर अभियान व शपथ ग्रहण अभियान चलाना, एंटी करप्शन से संबंधित प्रतियोगिताओं का आयोजन करना, अवाम में कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार करना, पुलिस व प्रशासन विभाग के कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों को सम्मानित कर सच्चाई व ईमानदारी का प्रचार प्रसार करना आदि शामिल हैं।

# घंटाकर्ण जी की कृपा व्यक्ति को निहाल कर देती है : मुनि

**श्रद्धा-भक्ति**

8 घंटाकर्ण बीजमंत्र के जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई।

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।**
महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवस्थान पर विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के उपलक्ष्य में मासिक श्रद्धालु संगम का आयोजन श्रद्धा-भक्ति, आस्था तथा समर्पण के मंगलमय वातावरण में संपूर्ण हुआ। सूर्योदय से भक्तों का कतारबद्ध आगमन शुरू हुआ, जो देर सांझ तक अनवरत रूप से चलता



रहा।

सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से दैवी शक्ति का आह्वान करते हुए लोकमंगल की कामना की गई। मुनि संयमेश, साध्वी जागृति, पवन जैन, नितिन, राशि जैन, निशा जैन, गीतू जैन आदि ने सुमधुर भजनों से समां बांधा और श्री घंटाकर्ण देव का आह्वान करते हुए उनकी मंगलमयी कृपा की याचना की। मांग लो सच्चे दिल से भक्ति कुछ कमी इसके दर पर नहीं है, सच्चे दिल से पुकारोगे आए फौरन वो रुकता नहीं है, मंगल भवन अमंगलहारी वीर प्रभु तेरी महिमा न्यारी वीर महावीर बोलो जय.जय महावीर, बुला रहा मेरा गरीबखाना दादा जी मेरे घर आ जाना, जिस भजन में प्रभु का नाम न हो वह भजन तो गाना नहीं चाहिए, नाम है जिसका तारणहारा कब उनका दर्शन होगा, जिसकी प्रतिमा इतनी सुंदर वो कितना सुंदर होगा, तुझसे दादा शर्म करूं तो और कहां मैं जाऊंगा अपने इस परिवार का खर्चा बोल कहां से लाऊंगा आदि भजनों ने सभी की हृदय तंत्रियों को झंकार दिया।

भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारतीय संस्कृति में भक्ति आत्मा को परमात्मा तक पहुंचाने का माध्यम है। भक्तिपूर्ण समर्पण से असंभव को भी संभव किया जा सकता है और पराशक्तियों की दैवी कृपा से अलौकिक सफलता पाई जा सकती है। श्री घंटाकर्ण जी महाप्रभावी, भक्तवत्सल देवता हैं जिनकी कृपा व्यक्ति को निहाल तथा मालामाल कर देती है। इनमें भक्तों के संकटों को टालकर भक्त के जीवन को निर्विघ्न मनाने की अप्रतिम क्षमता है। परालौकिक शक्तियां भक्ति से प्रसन्न होकर कंगाल को मालामाल, साधनहीन को साधनसंपन्न तथा दर-दर ठोकरें खाने वाले को भी शाही ठाठ-बाट से युक्त बना देती हैं।

## मुख्य व छोटी चौपाल पर कलाकारों ने प्रस्तुत किए शानदार कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, 09 फरवरी, (हरपाल सिंह यादव )।**
37वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला के आज आठवें दिन मुख्य चौपाल तथा छोटी चौपाल पर विदेशी कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न प्रदेशों के कलाकारों ने अपनी समृद्ध संस्कृतियों से सराबोर शानदान प्रस्तुतियों से मेले में पहुंचे दर्शकों का दिनभर मनोरंजन किया। मुख्य चौपाल पर विशेषकर विदेशी कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से धमाल मचाया। दर्शकों ने भाषा के बंधनों को तोडकर इन कलाकारों की प्रस्तुतियों का खूब लुत्फ उठाया तथा कलाकारों का तालियों से हौंसला बढ़ाया। हरियाणा के हास्य कलाकार मास्टर महेंद्र ने अपने हास्य रचनाओं से हरियाणा की हाजिर जवाबी तथा मौज मस्ती की प्रस्तुतियों से दर्शकों को खूब हंसाया। मुख्य व छोटी चौपाल पर कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में गुजरात के कलाकारों का ताली रास नृत्य भी शामिल रहा, जो नवरात्रि के अवसर पर महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इथोपिया के कलाकारों ने भी अपने लोकनृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर धमाल मचाया। बोतस्वाना गणराज्य के कलाकारों ने अपने लोक नृत्यों फटीसी आदि के माध्यम से अपनी समृद्ध संस्कृति की झलक बिखेरी। कजाकिस्तान के कलाकारों ने वाद्ययंत्रों की सुरीली धुनों के साथ-साथ लोकगीतों की भी शानदार प्रस्तुतियां दीं।
असम के कलाकारों ने प्रसिद्ध बीहू नृत्य की शानदार प्रस्तुति पर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। यह नृत्य विभिन्न ऋतुओं के अनुसार किया जाता है। असम में राज्य स्तर पर बीहू क्वीन का चयन भी किया जाता है। यह नृत्य सम्पूर्ण आसाम में बहुत लोकप्रिय है। छोटी चौपाल पर महाराष्ट्र के सैय्यद एंड पार्टी ने लावणी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी।

## दो महीने में परिषदीय विद्यालयों के 15 शिक्षकों की सेवा समाप्त

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
परिषदीय विद्यालयों में पढा रहे 15 शिक्षकों की सेवाएं समाप्त कर दी गई है। जनवरी महीने में आठ शिक्षकों की सेवा समाप्त की गई थी। अब सात और शिक्षकों की सेवा समाप्त करने के आदेश बीएसए ने जारी किये हैं। दो महीने में 15 शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। अभी जांच जारी है और कई और शिक्षकों पर गाज गिर सकती है। बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय मथुरा एक बार फिर सुर्खियों में है। परिषदीय विद्यालयों में फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्रों के आधार पर नौकरी करने वाले सात और शिक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। इससे पहले पिछले महीने यानी जनवरी माह में आठ शिक्षकों की इसी आधार पर सेवा समाप्त कर दी गई थी। थी। बीएसए सुनील दत्त ने बताया कि फर्जी शैक्षिक प्रमाण पत्र मिलने पर सात शिक्षक सहायक अध्यापक बर्खास्त किए गए हैं। अभी जांच चल रही हैं।

## नशा मुक्ति केंद्रों का होगा सत्यापन, डीएम ने दिये निर्देश

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
नशा मुक्ति केंद्रों का सत्यापन होगा। जिलाधिकारी ने नार्को समन्वय समिति की जिलास्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये। नार्को समन्वय समिति की जिला स्तरीय बैठक में मद्य निषेध के मुद्दे पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने नशा मुक्ति केंद्रों के सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति केंद्र समस्त मानकों का अनुपालन करें। भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर छापेमारी करने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों, कॉलेज और स्कूलों में मद्य निषेध के प्रति जागरूकता



अभियान चलाते रहे। साथ ही मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर रोक लगाने के लिए कारगर उपाय करने का कार्य करें। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों तथा एन.सी.ओ.आर.डी. (नेकॉर्ड) के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

अभियोजन कार्यों से जुड़े मामलों की जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा की। बैठक में डीएम ने सबसे पहले सभी जिला अभियोजन पदाधिकारी, सहायक अभियोजन पदाधिकारी, लोक अभियोजक और अपर लोक अभियोजक को संबंधित मामलों के निष्पादन में प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही एक्साइज एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, एससी एसटी एक्ट, हत्या, डकैती, बलात्कार, शस्त्र अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण एवं गंभीर मामलों को चिह्नित करते हुए उसके निष्पादन के लिए ससमय कार्यवाही के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि पीड़ितों को त्वरित न्याय दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम सबकी प्राथमिकता होनी चाहिए कि हम न्याय ससमय दिला सके।

# प्रदेश के युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही खट्टर सरकार : डॉ. सुशील गुप्ता

**प्रदर्शन**

8 हरियाणा के युवा जमीनें बेचकर अवैध तरीके से विदेशों में पलायन करने को मजबूर : डॉ. सुशील गुप्ता

**चंडीगढ़/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने बेरोजगारी के मुद्दे पर हरियाणा के सभी जिलों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने रोहतक में और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने फतेहाबाद में नेतृत्व किया। पूरे हरियाणा में आम आदमी पार्टी के हजारों कार्यकताओं और प्रदेश भर



के युवाओं ने बेरोजगारी के मुद्दे पर खट्टर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और जमकर नारेबाजी की।
डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आज हरियाणा में पूरे देश में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। बेरोजगारी के कारण हरियाणा का युवा नशा और अपराध का रास्ता अपना रहा है। आम आदमी पार्टी आज पूरे प्रदेश के हर जिले में युवाओं को रोजगार देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है। इसी मुद्दे को लेकर आज मैं रोहतक आया हूं। खट्टर सरकार केवल जाति और धर्म के नाम पर प्रदेश के लोगों को बरगला रही है। उन्होंने कहा कि नकारा कमीशन 30 से ज्यादा पेपर लीक करवा चुका है। खट्टर सरकार का युवाओं को रोजगार देने की तरफ कोई ध्यान नहीं है। हरियाणा के युवा अपनी जमीनें बेचकर अवैध तरीके से विदेशों की ओर पलायन कर रहे हैं।
जहां सभी देश अपने लोगों को युद्धग्रस्त क्षेत्र इजरायल से निकाल रहे हैं, वहीं सीएम खट्टर हरियाणा के पढ़े लिखे युवाओं को मजदूर बनाकर इजरायल भेज रही है। यदि उस युद्धग्रस्त क्षेत्र में कोई युवा गोली का शिकार हो जाता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। इस बात को लेकर खट्टर सरकार बिल्कुल लापरवाह है। इसलिए आम आदमी पार्टी प्रदेश के युवाओं की आवाज बुलंद करने के लिए पूरे हरियाणा में प्रदर्शन कर रही है। ताकि गूंगी बहरी भाजपा सरकार देख सके कि हरियाणा के युवाओं की किस तरह से बेकद्री की जा रही है। उन्होंने कहा कि खट्टर सरकार दो लाख सरकारी नौकरियां खाली होने के बावजूद युवाओं को नौकरी नहीं दे रही और एचकेआरएन के नाम पर युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है।
उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के कारण हरियाणा में अपराध बढ़ता जा रहा है। गोलियां चलाकर व्यापारियों के पास पर्ची फेंक कर फिरौती मांगी जा रही है। पूरे हरियाणा ने देखा कि गोहाना और सांपला में कैसे फिरौती मांगी गई। इसलिए अब प्रदेश की जनता खट्टर सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है।

# बलदेव में हुई भाकियू टिकैत की पंचायत

**पंचायत**

8 - किसान को आए दिन अपनी समस्याओं को लेकर के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
भाकियू टिकैत की पंचायत बलदेव ब्लॉक में संपन्न हुई। पंचायत में किसानों के विभिन्न बिंदुओं को लेकर विचार किया। पंचायत में पहुंचे किसानों ने कहा कि वह विभिन्न समस्याओं को लेकर के खंड विकास अधिकारी बलदेव के कार्यालय के चक्कर पर चक्कर लगा रहा हैं लेकिन उसकी समस्याओं का अभी तक कोई निदान नहीं हो पा रहा है। किसान को आए दिन अपनी समस्याओं को लेकर के कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं लेकिन अंत में किसान को खाली हाथ बेरंग घर लौटना पड़ता है। किसान की कोई सुनने वाला नहीं है। जिला अध्यक्ष मथुरा चैधरी धर्मवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष रामगोपाल तोमर, ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव नीरेश कोयड़ ने संयुक्त रूप से कहा कि खंड विकास अधिकारी कार्यालय बलदेव में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारी अपने अड़ियल और तानाशाही रवैया को सुधार लें और किसान के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करने में लग जाए किसान का शोषण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# '140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक'

## भारतीय सेना के अदम्य साहस के गौरवशाली क्षण को देख अभिभूत हुए सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सेना 140 करोड़ भारतवासियों के गौरव का प्रतीक है। सेना के शौर्य व पराक्रम पर कोई भी भारतीय संदेह नहीं करता। देशवासी इसके शौर्य व पराक्रम को न केवल जानते हैं, बल्कि अटूट विश्वास भी करते हैं। भारतीय सेना का स्वर्णिम इतिहास रहा है। हमारे सैनिकों ने युद्ध काल व शांतिकाल में देश की रक्षा व सेवा का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। जीवन की परवाह किए बिना भारतीय जवानों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में दुर्गम स्थानों पर रहकर भारत की एकता-अखंडता व संप्रभुता की सदैव रक्षा की है। भारत की आजादी के बाद गठित होने वाली पहली रेजीमेंट के रूप में यह गौरव गोरखा राइफल को प्राप्त है। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को 11 गोरखा राइफल रेजीमेंटल सेंटर में आयोजित 'किरांति शौर्य समारोह' में कहीं। सीएम ने सैनिकों के हैरतअंगेज प्रदर्शन को भी देखा।



बच्चों ने कराटे व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। आतंकियों से निपटने में सक्षम भारतीय सेना की शौर्य गाथा को भी देख दर्शकों ने तालियों से सैनिकों का उत्साहवर्धन किया। भारतीय सेना के अदम्य साहस के गौरवशाली क्षण को देख सीएम भी अभिभूत हो गए। सीएम ने वीर नारियों को सम्मानित भी किया और सेंटर के सफलतापूर्वक 75 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी।

**वीरभूमि है उत्तर प्रदेश:** सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश वीरभूमि है। यह महान क्रांतिकारी मंगल पांडेय, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, शहीद चंद्रशेखर आजाद, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, वीर हमीद की भूमि है। देश की सुरक्षा के लिए हर लड़ाई में जवानों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। अनेक वीरों ने शौर्य व पराक्रम के माध्यम से देश की सुरक्षा करते हुए प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। अनुशासन, देशभक्ति और युद्ध कौशल गोरखा रेजीमेंट की पहचान है। गोरखा की शौर्यगाथा का उल्लेख सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विश्व की अनेक सेनाओं ने किया है। गोरखा अपनी बहादुरी का परिचय शब्दों से नहीं, बल्कि सीमा पर तैनाती के दौरान अपनी वीरतापूर्ण कार्रवाई से देते हैं। सीएम ने कहा कि वीर व पराक्रमी जवानों की 11वीं गोरखा रेजीमेंट लखनऊ में है। अपनी स्थापना के बाद कई युद्ध लड़े हैं।

### सैनिकों व वीर नारियों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध

**सीएम** ने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों व वीर नारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। सीमाओं पर सुरक्षा में प्राणों की आहूति देने वाले सैनिकों के परिजनों को प्रदेश सरकार 50 लाख रुपये की अनुग्रह राशि व सरकारी नौकरी की व्यवस्था भी की है। राज्य सरकार गोरखपुर में प्रदेश के पांचवें सैनिक स्कूल के निर्माण कार्य को युद्ध स्तर पर बढ़ा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में 100 नए सैनिक स्कूल स्थापित करने का अभियान प्रारंभ किया है। पहली जनवरी को वृंदावन मथुरा में रक्षा मंत्री ने समविद गुरुकुलम बालिका सैनिक स्कूल का उद्घाटन किया गया है। सीएम ने कहा कि आज युवाओं के लिए सेना में शामिल होने के लिए कार्यक्रम आगे बढ़ रहे हैं। 21वीं सदी के चुनौतियों के अनुरूप वीर सपूतों के शिक्षण व प्रशिक्षण के लिए प्रधानमंत्री जी ने राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना की है। इसका एक परिसर लखनऊ में प्रारंभ हो चुका है।

# सुप्रीम कोर्ट उम्रकैद की सजा अवधि पर सुनवाई करने को तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट ने उम्र**कैद की सजा का मतलब जीवन भर या उससे कम के सवाल पर सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया। यह याचिका सीरियल किलर चंद्रकांत झा ने दायर की है। चंद्रकांत झा 2003 से लेकर 2007 तक छह हत्याओं का दोषी है। चंद्रकांत झा पर आरोप था कि वो तिहाड़ जेल के बाहर सिरकटी लाशें फेंककर पुलिस को पकड़ने की चुनौती देता था। इस मामले में चंद्रकांत झा को ट्रायल कोर्ट से उम्रकैद की सजा मिली है। उम्रकैद की सजा पर मुहर लगाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट



ने कहा था कि चंद्रकांत झा को वास्तविक मौत होने तक हिरासत में रखा जाए। चंद्रकांत झा की ओर से पेश वकील ऋषि मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत मौत की सजा या उम्रकैद की सजा का प्रावधान है। विधायिका ने धारा 302 के प्रावधान में कोई संशोधन नहीं किया है या कहा है कि उम्रकैद का मतलब वास्तविक मौत तक कैद।

# पुलिस को जांच करने से रोका जाता है: जस्टिस गांगुली



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस अभिजीत गांगुली ने एक मामले में सुनवाई के दौरान महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। उन्होंने कहा है कि उन्हें पुलिस पर काफी भरोसा है। कोई अलग शिकायत नहीं है लेकिन पुलिस को काम नहीं करने दिया जाता। उन्होंने हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी को आधे घंटे के अंदर कोर्ट में पेश होने को कहा। पुलिस की ओर से बताया गया कि देरी हुई क्योंकि उन्हें देर से उपस्थिति के बारे में पता चला। जज ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने के कारण उन्हें पेशी से छूट दी गई है। आरोप था कि पीएफ भ्रष्टाचार मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की जा रही है। इसके बाद जस्टिस गांगुली ने हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी को आधे घंटे के अंदर कोर्ट में पेश होने को कहा। उनके निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी। इसके बाद हेयर स्ट्रीट थाने के ओसी सुमित दासगुप्ता कोर्ट में पेश हुए। इसके अलावा, कोलकाता पुलिस के कानून विभाग के सहायक पुलिस आयुक्त भी सुनवाई में शामिल हुए।

# 'मुख्यमंत्री के खिलाफ अधिकारियों का 'सविनय अवज्ञा आंदोलन' कब तक?'



**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

बड़वानी जिले में तहसीलदार के द्वारा आदिवासी किसान को थप्पड़ मारे जाने के मामले में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से सवाल पूछा है। उन्होंने कहा है कि मध्य प्रदेश में अधिकारी जनता से लगातार अभद्र व्यवहार कर रहे हैं, परंतु मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही किसी करवाई का कोई असर नहीं होता दिख रहा है। ताजा मामले में रास्ते के विवाद और जमीन की जांच के लिए मौके पर पहुंचे तहसीलदार यदि सरकारी प्रक्रिया का वीडियो बनता देखकर भड़क गए तो मुख्यमंत्री को यह बताना ही चाहिए कि लगातार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना क्यों हो रही है? मुख्यमंत्री के खिलाफ अधिकारियों द्वारा चलाया जा रहा, यह "सविनय अवज्ञा आंदोलन" आखिर कब रुकेगा? जीतू पटवारी ने शुक्रवार को अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री स्तर पर कार्रवाई के बावजूद मध्य प्रदेश की जनता से मध्य प्रदेश शासन के अधिकारियों के द्वारा की जा रही अभद्रता की घटनाएं रुक नहीं रही हैं। हर बार पहले की तुलना में और अधिक आपत्तिजनक रूप में लगातार ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी सरकार को चेताया था कि मध्यप्रदेश में नौकरशाही की एक समानांतर सत्ता दमदारी से काम कर रही है, कार्रवाइयों/ चेतावनियों के बाद भी घटनाएं रुक नहीं रही हैं। यह शक्ति केंद्र विधायकों, मंत्रियों, मुख्यमंत्री से भी बहुत अलग और ऊपर है। इतना ज्यादा ऊपर कि उसे नियंत्रित करना सरकार के बस के बाहर है। पटवारी ने कहा कि शाजापुर में ड्राइवर से औकात पूछने वाले कलेक्टर, देवास में किसानों से अभद्रता करने वाली तहसीलदार, बांधवगढ़ में युवकों को लाठी से मारने वाले एसडीएम से लेकर भाजपा के कार्यकर्ता और नेता तक सभी जनता से लगातार अभद्रता कर रहे हैं परंतु मुख्यमंत्री के स्तर पर कार्रवाई के बावजूद घटनाएं रुक नहीं रही हैं बल्कि पहले की तुलना में अधिक आपत्तिजनक रूप में सामने आ रही हैं! उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया की यदि हालात जल्दी ही नहीं सुधरे, तो "सरकार" और "सर्कस" के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाएगा।

**मांगा जवाब**

**समानांतर सत्ता दमदारी से काम कर रही है, कार्रवाइयों/ चेतावनियों के बाद भी घटनाएं रुक नहीं रही हैं**

